Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 10 | शनिवार, 10 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 31 मार्च से ड्रग्स के खिलाफ चलेगा तीन साल का राष्ट्रव्यापी अभियान

# शाह बोले- युवाओं को बचाने का होगा हर संभव प्रयास

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देश से ड्रग्स के खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए 31 मार्च से तीन साल के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की घोषणा की। नारको-को आर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 9वीं शीर्ष स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस सामूहिक अभियान के तहत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लक्ष्य निर्धारित कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इसकी समयबद्ध समीक्षा भी की जाएगी। गृह मंत्री द्वारा घोषित तिथि के अनुसार, नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनके द्वारा निर्धारित समय सीमा 31 मार्च के तुरंत बाद शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने अमृतसर में नारकोटिक्स कंट्रोल



ब्यूरो (एनसीब) कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। बयान के अनुसार, एनसीबी द्वारा हाइब्रिड मोड में आयोजित इस बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के प्रमुख हितधारकों, राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों और मादक पदार्थों से संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शाह ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे ड्रग्स की समस्या से निपटने के लिए 31 मार्च तक एक रोडमैप तैयार करें, एक निगरानी तंत्र स्थापित करें और इस पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करें। ताकि इसका एक व्यापक समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में हमें देशभर में हर मोर्चे पर नशीली दवाओं के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी और भारत को 'नशा मुक्त' बनाना होगा। साथ ही देश के युवाओं को नशीली दवाओं से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। निरंतर जागरूकता ही हमें सुरक्षित रख सकती है। कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है कि नशीले पदार्थों का निर्माण या बिक्री करने वालों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई जानी चाहिए। नशीली दवाओं के खिलाफ लड़ाई में केंद्र सरकार के सभी विभागों को 2029 तक का रोडमैप तैयार करना चाहिए और इसके कार्यान्वयन के लिए समयबद्ध समीक्षा तंत्र स्थापित करना चाहिए। शाह ने सभी डीजीपी से अपने-अपने राज्यों के लिए रोडमैप तैयार करने और नशीली दवाओं के विरुद्ध ठोस कदम उठाने की अपील भी की।

> उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व में नंबर एक बनाने का लक्ष्य रखा है। ऐसा भारत बनाने के लिए युवा पीढ़ी को नशीली दवाओं से पूर्ण सुरक्षा प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि युवाओं का स्वास्थ्य, उनकी सोचने–समझने और कार्य करने की क्षमता, सभी इस समस्या से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में उल्लेखनीय सफलता मिली है। 2019 में एनसीओआरडी के पुनर्गठन के बाद हमने इस समस्या पर पूर्ण नियंत्रण पाने का मार्ग भी सुनिश्चित कर लिया है।

## देश के हर दूसरे शहर में गंभीर वायु प्रदूषण



**नई दिल्ली।**

आकलन रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के लिए पीएम 2.5 आकलन में असम के बायनीर्हाट, दिल्ली और गाजियाबाद तीन शीर्ष प्रदूषित शहर रहे। देश के 44 प्रतिशत यानी तकरीबन हर दूसरा शहर गंभीर वायु प्रदूषण से ग्रस्त है। यह अल्पकालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक वजहों से है। यह दशार्ता है कि प्रदूषण के लिए तात्कालिक घटनाओं के बजाय ऐसे स्त्रोत जिम्मेदार हैं, जहां से निरंतर उत्सर्जन होता है। शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में से सात दिल्ली-एनसीआर के हैं। चिंता में डालने वाला यह खुलासा ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) के विश्लेषण में हुआ है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इन प्रदूषित शहरों में से सिर्फ 4% ही राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के अंतर्गत आते हैं। सीआरईए ने उपग्रह डाटा का उपयोग करते हुए 4,041 शहरों में पीएम2.5 के स्तर का आकलन किया। इसमें कम से कम 1,787 शहरों में पांच वर्षों (2019-2024) में हर साल पीएम 2.5 का स्तर राष्ट्रीय मानक से अधिक रहा।

## उदयपुर में बहन की संगीत सेरेमनी में कृति सेनन ने लगाए ठुमके



**नई दिल्ली।** कृति सेनन की बहन नूपुर सिंगर स्टेबिन बेन से शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। इनके संगीत और हल्दी सेरेमनी के फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इन फंक्शन में कृति के बॉलीवुड से जुड़े दोस्त भी नजर आ रहे हैं। कल उदयपुर में बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन की शादी है। शादी से पहले संगीत और हल्दी सेरेमनी के फंक्शन हो रहे हैं। इन फंक्शन की फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वायरल वीडियो में एक्ट्रेस कृति अपनी बहन की शादी को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आ रही हैं। कृति सेनन और वरुण शर्मा ने भोजपुरी गाने पर किया परफॉर्म कृति सेनन अपनी बहन की शादी को लेकर काफी खुश हैं। नूपुर के संगीत सेरेमनी की वायरल वीडियो में भोजपुरी गाने कमरिया पर डांस कर रही हैं। इस डांस परफॉर्म में उनका साथ एक्टर वरुण शर्मा ने दिया है। वरुण, कृति के करीबी दोस्त हैं।

## गोरेगांव में घर में लगी भीषण आग, दम घुटने से महिला समेत तीन की मौत



**नई दिल्ली।** मुंबई के गोरेगांव पश्चिम स्थित भगत सिंह नगर में एक घर में शनिवार, 10 जनवरी की सुबह करीब 3 बजे आग लग गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। घर में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने भी आग पर काबू पा लिया। लेकिन घर में सो रहे तीनों लोगों की दम घुटने से मौत हो गई, जिसमें दो पुरुष और एक महिला शामिल है। मुंबई में शनिवार तड़के सुबह भगत सिंह नगर के एक घर में आग लग गई। पुलिस और दमल विभाग की गाड़ियां सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं। लेकिन घर में सो रहे तीन लोगों को नहीं बचा पाई। मुंबई पुलिस का कहना है कि इस घटना में दम घुटने से एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई है।

## पीएम मोदी आज से गुजरात यात्रा पर, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 10 जनवरी से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व और राजकोट में वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारी आध्यात्मिक परंपरा का सशक्त प्रतीक है, जिसे देशभर में पूरी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कल रात करीब आठ बजे सोमनाथ मंदिर में ओंकार मंत्र के दिव्य जाप का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिलेगा। इसके अगले दिन सुबह, लगभग 9:45 बजे मां भारती की अनगिनत वीर संतानों को समर्पित शौर्य



यात्रा में शामिल होने के बाद मंदिर में दर्शन एवं पूजन करूंगा। इसके बाद एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने का भी सुअवसर भी मिलेगा और उसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले भव्य ड्रोन शो का अवलोकन करेंगे। पीएम मोदी एक जनसभा को संबोधित करेंगे और 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के समारोह में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज.के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता साबरमती आश्रम जाएंगे और अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भी शामिल होंगे।

## महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए पंखुड़ी डिजिटल पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।**

महिलाओं और बच्चों से जुड़ी सरकारी योजनाओं में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने पंखुड़ी' नाम से नया वेब पोर्टल शुरू किया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस पोर्टल का शुभारंभ किया।



इस पोर्टल के माध्यम से अब नागरिक, स्वयंसेवी संगठन, प्रवासी भारतीय और कापोरेंट कंपनियां महिला और बाल कल्याण से जुड़ी सरकारी पहलों से सीधे जुड़कर सहयोग कर सकेंगी। इसका मकसद शुरूआती बचपन की देखभाल, महिला सशक्तिकरण और बच्चों के समग्र विकास से जुड़े कार्यों को एक ही मंच पर लाना है। पंखुड़ी पोर्टल पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के अवसर उपलब्ध कराएगा। इससे सामाजिक संस्थाओं और व्यक्तियों को अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देने में आसानी होगी। पोर्टल के शुभारंभ के मौके पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि यह पूरी तरह गैर-मौद्रिक और पारदर्शी मंच है।

## ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने चलवाई प्रदर्शनकारियों पर गोलियां, अब तक 217 की मौत

**नई दिल्ली।**

तेहरान में ईरान सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा बढ़ गई है। प्रदर्शन उग्र होता देख ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी करने का आदेश दे दिया। इस गोलीबारी में 217 प्रदर्शनकारियों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। दरअसल, एक स्थानीय डॉक्टर ने नाम न छापने की शर्त पर टाइम पत्रिका को बताया कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज हुई है। इसमें अधिकांश की मौत गोली लगने से हुई है। प्रदर्शनकारियों के मौत को लेकर स्थानीय डॉक्टर ने बताया कि मृतकों में अधिकतर युवा थे, जिनमें उत्तरी तेहरान के एक पुलिस स्टेशन के बाहर सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर मशीन गन से अंधाधुंध फायरिंग करने के दौरान मारे गए कई लोग शामिल थे। इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, वाशिंगटन डीसी स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी, जो सिर्फ पहचाने गए पीड़ितों की गिनती करती है, उसने विरोध प्रदर्शनों की शुरूआत से अब तक कम से कम 63 मौतों की पुष्टि की है। अगर मृतकों की संख्या की सही पुष्टि हो जाती है।




## पंजाब के होशियारपुर में बस और कार की भीषण टक्कर, हादसे में चार लोगों की मौत



**होशियारपुर।**

पंजाब के होशियारपुर में आज सुबह दसूहा मुख्य सड़क पर अड्डा दोसड़क के पास एक भीषण हादसा हो गया। यहां एक बस और कार की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा शनिवार सुबह करीब चार बजे हुआ। हादसा इतना भयानक था कि कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार सभी लोग हिमाचल प्रदेश के गगरेट के निवासी थी। पुलिस ने शवों को अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। वहीं, एक घायल व्यक्ति का उपचार जारी है। पुलिस टीम जांच में जुटी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, कार नंबर ल्ढ-72-6869 में सवार सुखविंदर सिंह (45) पुत्र हरनाम सिंह, सुशील कुमार (46) पुत्र देसराज, ब्रिज कुमार (38) पुत्र महिंदर कुमार, अरुण कुमार (45) पुत्र गुरपाल सिंह, निवासी चलेत गांव (दौलतपुर, हिमाचल प्रदेश), अमृत कुमार को विदेश जाने के लिए अमृतसर एयरपोर्ट छोड़ने जा रहे थे।

## दिल्ली-एनसीआर में ठंड पड़ रही प्रचंड, कश्मीर-हिमाचल में कड़ाके की शीतलहर जारी

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों से लेकर पहाड़ों तक ठंड का प्रचंड रूप देखने को मिल रहा है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जहां घने कोहरे की चपेट में हैं, वहीं कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की शीतलहरजारी है। कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 5त्त दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। पालम और सफदरजंग हवाई अड्डों पर विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम दर्ज की गई, जिससे कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं। पहाड़ों पर बर्फबारी का दौर फिलहाल थमा हुआ है, लेकिन शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। घाटी में 'चिल्लई कलां' का असर दिख रहा है। श्रीनगर में तापमान -4त्त तक गिर गया है। गुलमर्ग और पहलगाम में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद अब भीषण बर्फानी हवाएं चल रही हैं। हिमाचल के शिमला, मनाली और लाहौल-स्पीति में कड़ाके की ठंड है। ऊंचाई वाले इलाकों में पाला गिरने से सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं। सैलानियों को रात में सफर न करने की सलाह दी गई है। यूपी के लखनऊ, कानपुर और वाराणसी सहित करीब 30 जिलों में शीतलहर का प्रकोप है। पश्चिमी यूपी में बर्फीली हवाओं के कारण दिन का तापमान भी सामान्य से 5-6 डिग्री नीचे बना हुआ है, जिससे 'कोल्ड डे'की स्थिति बनी हुई है।

> घने कोहरे के कारण उत्तर भारत की कई ट्रेनें और उड़ानें देरी से चल रही हैं। सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले ड्राइवरों को फॉग लाइट का उपयोग करने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। पश्चिमी यूपी में बर्फीली हवाओं के कारण दिन का तापमान भी सामान्य से 5–6 डिग्री नीचे बना हुआ है, जिससे 'कोल्ड डे'की स्थिति बनी हुई है।



## संपादक की कलम से

# पांच दिन गुजारिए हिमाचल में

दैट्स यू की पहल पर पर्यटन के कदम गिने जाएंगे यानी स्लो टूरिज्म को गतिशील बनाकर सैलानियों को अधिक दिनों तक रोका जाएगा। जाहिर तौर पर हिमाचल में पर्यटन की भीड़ के बजाय सुकून के दिन और रातें बढ़ाई जाएं, तो यह कारवां आर्थिकी की मंजिलों तक पहुंचेगा। पहली बात तो यह कि हिमाचल का पर्यटन शिमला, मनाली, डलहौजी, कसौली, धर्मशाला व मकलोडगंज में ही नहीं, इसे सीमांत पर्यटन से शुरू करके पूरे प्रदेश में फैलाना होगा। पूरे राज्य को पर्यटक राज्य बनाने की सोच के लिए जनता के व्यवहार, होटल व्यवसाय के आचरण, नीतियों के अनुसार, सभी विभागों के सत्कार और नई अधोसंरचना के आधार पर फिर से लिखना पड़ेगा। विडंबना यह है कि हिमाचल में आकर कई कारणों से सैलानी निपट जाते हैं। कहीं ऐसी कोशिश नहीं कि सैलानियों को अधिक दिनों तक रुकने के बहाने, मेहमानबाजी और आकर्षणों से जोड़ा जाए। इस दौरान जो पैकेज सामने आ रहे हैं, वहां परिवहन का माफिया काम कर रहा है।



ललित शर्मा
संपादक

अधिक दिन की मेहमानबाजी का एक दस्तूर है जिसे सीखने के लिए विभागीय समन्वय, व्यापार के सहर्ष स्पर्श और सामाजिक जवाबदेही से जोड ?ा पड़ेगा। इंदौर शहर के भीतर ही 56 भोग नामक दुकानों का ऐसा समूह कमोबेश हर पर्यटक आवभगत में तरह-तरह के व्यंजन सौंप सकता है, तो ऐसे कई पड़ाव हिमाचल में भी विकसित हो सकते हैं। जिस तरह सप्ताहांत पर्यटन के जरिए हिमाचल का तारुफ देश के युवा जगत से हो रहा है, उसकी अपनी तरह की मांग और आपूर्ति हो रही है। तीर्थाटन की मांग व आपूर्ति का परंपरागत तरीका ही आगे बढ़ा है, जबकि यात्रा की अवधारणा में हिमाचल को बहुत कुछ करना है। उदाहरण के लिए मणिमहेश यात्रा के पड़ाव बढ़ेंगे, तो मांग आपूर्ति के दिन भी बढ़ेंगे। ऐसे में चिन्हित तो यह भी होना चाहिए कि हिमाचल में पांच से सात दिन कहां और कैसे गुजारे जा सकते हैं। अभी कांगड़ा मंदिर में घृतमंडल सजा है। इस पर्व को लोहड़ी और मकरसंक्रांति तक एक सांस्कृतिक यात्रा बना दें, तो कांगड़ा-बैजनाथ के अलावा कई मंदिर, टी गार्डन टूअर, धरोहर मसरूर व ओल्ड कांगड़ा फोर्ट, पौंग झील में नौकायन व पक्षी विहार से गरली-परागपुर के लोहड़ी उत्सव तक कई दिन जुड़ सकते हैं। दरअसल अटल टनल को हमने छुआ-छुआई तक ही सीमित रखा, जबकि इसके साथ कबाइली आलोक, सांस्कृतिक परिदृश्य, कबाइली जीवनशैली के आचरण और बौद्ध धर्म की प्राचीनता के संसर्ग में पांच से सात दिन का यात्रा वृत्तांत बनाना होगा। हिमाचल में कमोबेश हर तरह के पर्यटन को आवाज देते ब्लागर, वीडियो प्रिजेंटर तथा ऐसे कार्यक्रम पेश करते मिल जाएंगे। जरूरत है इनके साथ एक ऐसी कार्यशाला बुलाने की जो निजी रूप से आकर्षित कर रहे पर्यटकों के सामने व्यापक, परिदृश्य में पांच से सात दिन की व्यस्तता के लिए मनोबल तैयार करें। पर्यटन के पहिए अगर चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, बालासुंदरी या नयनादेवी से आगे नहीं बढ़ेंगे, तो ठहराव एक या दो दिन तक सिमट कर ही रह जाएगा। इतना ही नहीं मंदिर परिसरों की विकास योजनाओं को श्रृंखलाबद्ध करके धार्मिक भ्रमण के दिन बढ़ाए जा सकते हैं और अगर इनके साथ आयुर्वेदिक पद्धतियों से शरीर और मन को सांसारिक चिंताओं से मुक्त करने के कुछ दिन जोड़ दिए जाएं, तो विश्रांति के बहाने पर्यटन की आभा बढ़ जाएगी। इसी तरह सेब, चाय, कबाइली महोत्सव तथा विभिन्न मेलों-उत्सवों में रंगत भर के इन्हें लंबे दौर की यात्राओं का संगम स्थल बना सकते हैं।

# अमेरिकी संरक्षणवाद, रूस प्रतिबंध विधेयक 2025 और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से अलगाव भारत-अमेरिका संबंधों व वैश्विक व्यवस्था पर गहराता संकट-एक समग्रविश्लेषण




वैश्विक राजनीति में अमेरिका की भूमिका सदैव निर्णायक रही है, किंतु डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी विदेश नीति एक बार फिर आक्रामक राष्ट्रवाद, संरक्षणवाद और बहुपक्षीय संस्थाओं से दूरी की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने वाला रूस प्रतिबंध विधेयक 2025 तथा भारत के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) सहित 60 से अधिक वैश्विक संस्थाओं से अमेरिका के बाहर निकलने का निर्णय, ये दोनों घटनाएँ न केवल भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव का कारण बन सकता हैं, बल्कि पूरी वैश्विक शासन व्यवस्था को भी गंभीर प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर रही हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह कदम भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर सीधा हमला माना जा सकता है, क्योंकि भारत ने यह निर्णय किसी राजनीतिक समर्थन के तहत नहीं, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर लिया हैं, (1) रूस प्रतिबंध विधेयक 2025: आर्थिक दबाव का नया हथियार बन सकता है, क्योंकि यह विधेयक एक द्वितीयक प्रतिबंध का उदाहरण है, जिसके अंतर्गत उन देशों को दंडित किया जा रहा है जो रूस से तेल और ऊर्जा संसाधन खरीद रहे हैं। भारत और चीन जैसे देश, जिन्होंने अपने ऊर्जा सुरक्षा हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से रियायती दरों पर कच्चा तेल खरीदा अब सीधे अमेरिकी आर्थिक दबाव के निशाने पर हैं। 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी किसी भी देश के निर्यात- आधारित क्षेत्रों को गहरा झटका दे सकती है। (2) भारत की ऊर्जा सुरक्षा बनाम अमेरिकी रणनीति- भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और उसकी ऊर्जा जरूरतें तेजी से बढ़ रही हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने भारत को सस्ता कच्चा तेल उपलब्ध कराया जिससे भारत की मुद्रास्फीति नियंत्रित रही और आर्थिक स्थिरता बनी रही। अब भारत के लिए यह नई चुनौती खड़ी हुई है साथियों बात अगर हम भारत के निर्यात पर संभावित प्रभाव को समझने की करें तो, यदिअमेरिका वास्तव में 500 प्रतिशत तक टैरिफ लागू करता है, तो इसका असर भारत के फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल, ऑटो पार्ट्स, आईटी हार्डवेयर और स्टील जैसे क्षेत्रों पर पड़ सकता है। अमेरिका भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और इस तरह के टैरिफ भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को कमजोर कर सकते हैं। यह स्थिति वैश्विक व्यापार संगठन के मुक्त व्यापार सिद्धांतों के भी विपरीत है। अमेरिका द्वारा भारत और चीन को एक ही श्रेणी में रखना कूटनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। भारत, जो इंडो- पैसिफिक रणनीति में अमेरिका का प्रमुख साझेदार माना जाता रहा है, अब उसी दंडात्मक नीति का शिकार बन रहा है जोचीन के लिए अपनाई जाती है। यह दशार्ता है कि ट्रंप प्रशासन के लिए रणनीतिक साझेदारी से अधिक महत्व तत्काल अमेरिकी हितों का है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन से अमेरिका का बाहर निकलनें की रणनीति को समझने की करें तो, 7 जनवरी 2026 को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित मेमोरेंडम के तहत अमेरिका ने 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अलग होने का निर्णय लिया, जिनमें भारतके नेतृत्व वाला अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधनभी शामिल है। यह कदम भारत के लिए केवल कूटनीतिक झटका नहीं, बल्कि वैश्विक जलवायु नेतृत्व के प्रयासों पर भी आघात है। क्योंकि आईएसए भारत का सॉफ्ट पावर और जलवायु नेतृत्व हैं, जिसकी स्थापना भारत और फ्रांस की पहल पर हुई थी और इसका उद्देश्य सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर विकासशील देशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर ले जाना है। यह संगठन भारत की सॉफ्ट पावर और ग्लोबल साउथ नेतृत्व का प्रतीक बन चुका है। अमेरिका का इससे बाहर निकलना जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को कमजोर करता है। बता दें इंटरनेशनल सोलर अलायंस एक वैश्विक पहल है, जिसके 120 से अधिक देश सदस्य हैं, इसका उद्देश्य सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। इस संगठन की अवधारणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2015 में लंदन के वेंबली स्टेडियम में अपने भाषण के दौरान रखी थी, आई एसए की औपचारिक शुरूआत 2016 में मोरक्को के माराकेश में हुई थी, अमेरिका नवंबर 2021 में इसका 101वां सदस्य बना था। साथियों बात अगर हम अमेरिका फर्स्ट बनाम वैश्विक जिम्मेदारी को समझने की करें तो व्हाइट हाउस का यह तर्क कि अंतरराष्ट्रीय संगठन अमेरिकी करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं, अमेरिका फर्स्ट नीति का ही विस्तार है। किंतु वैश्विक चुनौतियाँ, जैसे जलवायु परिवर्तन, महामारी, मानवाधिकार और शरणार्थी संकट, किसी एक देश के प्रयासों से हल नहीं हो सकतीं। अमेरिका का बहुपक्षीय मंचों से हटना वैश्विक सहयोग की भावना को कमजोर करता है। यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दूरी बनाई हो। इससे पहले वह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से बाहर हो चुका है, फिलिस्तीनी राहत एजेंसी की फंडिंग रोक चुका है, युनेस्को से अलग हो चुका है और डब्लूएचओ व पेरिस जलवायु समझौते से बाहर निकलने की घोषणा कर चुका है। ये सभी कदम अमेरिका के संस्थागत अलगाववाद को दशार्ते हैं। अमेरिका का इस तरह पीछे हटना वैश्विक शासन ढांचे में नेतृत्व का शून्य पैदा करता है, जिसे चीन, रूस या अन्य क्षेत्रीय शक्तियाँ भरने का प्रयास कर सकती हैं। यह बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को तो बढ़ावा देता हैकिंतु साथ ही नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर भी करता है।

साथियों बात अगर हम भारत-अमेरिका संबंधों में बढ़ते तनाव को समझने की करें तो हाल के वर्षों में भारत- अमेरिका संबंधों को रणनीतिक साझेदारी और स्वाभाविक सहयोगी के रूप में देखा गया था। रक्षा, प्रौद्योगिकी, क्वाड और इंडो-पैसिफिक जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की नजदीकी बढ़ी थी। किंतु रूस प्रतिबंध विधेयक और आईएसए से अलगाव जैसे कदम इस रिश्ते में अविश्वास पैदा कर रहे हैं। भारत के सामने अब एक जटिल चुनौती है, एक ओर अमेरिका जैसे शक्तिशाली साझेदार के साथ संबंध बनाए रखना और दूसरी ओर अपनी रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक दक्षिण के नेतृत्व को भी संरक्षित करना। भारत को संतुलित कूटनीति, वैकल्पिक बाजारों की खोज और बहुपक्षीय मंचों को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। अमेरिका के अलगाववादी रुख के बीच भारत के पास अवसर भी है। वह आईएसए ब्रिक्स, जी-20 और अन्य मंचों के माध्यम से विकासशील देशों की आवाज बन सकता है। यह स्थिति भारत को एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर सकती है। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बदलती विश्व व्यवस्था में भारत का मार्ग, अमेरिका द्वारा रूस प्रतिबंध विधेयक 2025 को मंजूरी देना और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे मंचों से बाहर निकलना केवल द्विपक्षीय मुद्दे नहीं हैं, बल्कि ये पूरी वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित करने वाले फैसले हैं।



गोंदिया

## कविता

### अरावली की पहाड़ियाँ

**मोनिका डागा**



यह कैसा न्याय प्रिय शासन और कैसी यह आधुनिकता की मुहिम,
विकास की दौड़ में हरीतिमा को बना रहे हो एक क्षेत्र तुम कृत्रिम,
छीन रहे हो अरावली के इर्द-गिर्द फैले राज्यों की शुद्ध हवा पानी,
और तोड़ रहे हो घरौंदा मूक पशु-पक्षियों का बनाकर नई कहानी ।

एक स्वस्थ बीज से पौधे को वृक्ष बनने में लग जाते हैं कितने वर्ष,
झटके से उसी वृक्ष की जड़ों ओ उखाड़ने चले बिना सोचे निष्कर्ष,
तुम खंजर चला रहे हो माता की छाती पर शर्मशार हुई इंसानियत,
प्रकृति को बेरंग कर मरूस्थल बना रहे हो जो थी बेहद खुबसूरत ।


क्या तुमने बसाया उजाड़ने से पहले एक नया प्राकृतिक संसार,
क्या तुमने सोचा फैसला लेने से पहले ₹आनंद₹ मानवता विचार,
कितना दर्दनाक होगा अरावली की पहाड़ियों पर ये नवनिर्माण,
जहॉ से जुडे है अनेकों जीवों और जनता के भावनात्मक प्राण ।

शायद तुम नहीं जानते हो मरूस्थल में एक हरे पेड़ की भूमिका,
वो कर देता है आग उगलती लपटों से थके हारे बदन को हल्का,
एक हरा वृक्ष भीषण गर्मी में जानलेवा लू के थपेड़ो से रक्षा करता,
और जल की एक-एक बूँद व बारिश के पानी को संजोकर रखता ।

# दुनिया में मंदी: भारत में आर्थिक मजबूती की रोशनी



वैश्विक चुनौतियों, भू-राजनीतिक तनावों, युद्धों, महामारी के पश्चातबनी अस्थिरताओं, ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और महँगाई के दबावों के बीच जब दुनिया की अनेक बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ लड़खड़ा रही हैं, तब भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े आँकड़े आशा, भरोसे और आत्मविश्वास की एक सशक्त किरण बनकर उभरे हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के नए आंकड़ों से स्पष्ट है लगभग 7.4 प्रतिशत की विकास दर पर कायम रहना केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनाई गई आर्थिक नीतियों की दृढ़ता, दूरदर्शिता, पारदर्शिता और संतुलन का प्रमाण है। जिसमें विनिर्माण, सेवाएं और सरकारी व्यय वृद्धि को गति मिलेगी। जाहिर है, इसका असर नौकरी, महंगाई, आमदनी, कर्ज, कर और सरकारी सुविधाओं पर पड़ेगा। ग्रामीण इलाकों में कृषि से जुड़े रोजगार में बढ़ोतरी हो सकती है, जो यह संकेत देता है कि भारत न केवल वैश्विक अस्थिरताओं से स्वयं को बचाने में सक्षम रहा है, बल्कि अवसरों को साधकर अपनी विकास-यात्रा को निरंतर गति भी दे रहा है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहाँ अमेरिका और यूरोप की अर्थव्यवस्थाएँ मंदी और ऋण संकट से जूझ रही हैं, चीन की विकास गति में स्पष्ट सुस्ती दिखाई दे रही है, और अनेक विकासशील देशों पर ऋण, महंगाई तथा बेरोजगारी का बोझ बढ़ता जा रहा है। ऐसे वातावरण में भारत का अपेक्षाकृत मजबूत आर्थिक प्रदर्शन यह दशार्ता है कि बीते एक दशक में अपनाई गई नीतियां केवल तात्कालिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। मोदी सरकार ने आर्थिक सुधारों को केवल कागजी घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास किया, चाहे वह कर प्रणाली में सुधार हो, बुनियादी ढाँचे में निवेश हो या डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार। जिससे कर संग्रह और राजकोषीय घाटे पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। व्यापक अर्थव्यवस्था और आगामी केंद्रीय बजट दोनों के दृष्टिकोण से यह अच्छी बात है। जीडीपी दर के समांतर महंगाई काबू में रहे तो केंद्रीय रिजर्व बैंक ब्याज दरें घटा सकता है, जिसका सीधा असर कर्ज की किस्त पर पड़ सकता है। साथ ही, सरकार को मिलने वाला कर राजस्व बढ़ सकता है, जिससे ढांचागत और समाज कल्याण की योजनाओं पर खर्च बढ़ाया जा सकता है। शेयर बाजार में तेजी से म्यूचुअल फंड, भविष्य निधि आदि पर सकारात्मक असर हो सकता है। जीडीपी की दर 2024-25 में 6.5 फीसद की तुलना में अधिक है और यह मुख्य रूप से विनिर्माण और सेवाओं में वृद्धि के सुधार का नतीजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक दृष्टि का मूल आधार ह्यसुधार, प्रदर्शन और परिवर्तनह्न रहा है। वस्तु एवं सेवा कर जैसे बड़े सुधारों ने भारतीय बाजार को एकीकृत किया, व्यापार को सुगम बनाया और कर-संग्रह की पारदर्शिता बढ़ाई। प्रारंभिक चुनौतियों के बावजूद, आज जीएसटी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी आधार बन चुका है। इसके साथ ही दिवालियापन एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों की स्थिति को मजबूत किया, जिससे फंसे हुए ऋणों की समस्या पर काफी हद तक अंकुश लगा। बैंकिंग प्रणाली की यह मजबूती ही है, जिसने निवेश और उद्यमिता को नई ऊर्जा दी है। मोदी सरकार की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही है कि उसने घरेलू मांग को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि क्षेत्र और मध्यम वर्ग को सहारा देने वाली योजनाओं ने उपभोग को बनाए रखा। बुनियादी ढाँचे में बड़े पैमाने पर निवेश ने न केवल रोजगार के अवसर पैदा किए, बल्कि दीर्घकाल में उत्पादन और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में भी मदद की। सड़कें, रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे और डिजिटल नेटवर्क-इन सभी क्षेत्रों में हुए विस्तार ने भारत को एक अधिक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की आर्थिक मजबूती का एक बड़ा कारण उसकी संतुलित विदेश नीति और पड़ोसी देशों के साथ व्यावहारिक संबंध भी हैं। जहां एक ओर भारत ने विकसित देशों के साथ व्यापार और निवेश संबंधों को सुदृढ़ किया, वहीं दूसरी ओर पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने का प्रयास किया। यह संतुलन भारत को बाहरी झटकों से अपेक्षाकृत सुरक्षित रखता है। ऊर्जा, रक्षा, खाद्य सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदमों ने भी भारत की रणनीतिक और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत किया है। डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों ने भारत की अर्थव्यवस्था में नवाचार और उद्यमिता की नई लहर पैदा की। आज भारत दुनिया के अग्रणी स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल है।



ललित गर्ग

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हिंदुस्तान शिवसेन द्वारा पौषबड़ा भंडारा, प्रसाद वितरण

**वेलकम इंडिया**

सवाई माधोपुर टोंक बस स्टैंड पर आज हिंदुस्तान शिवसेना परिवार की ओर से सामूहिक पौष बड़ा भंडारे का आयोजन किया धूम धाम से कैम्प लगा कर किया गया हिन्दुस्तान शिवसेना के राजस्थान प्रभारी और दौसा गौ सांसद जितेंद्र सिंधी जीतू भैया ने बताया कि आज सुबह 11 बजे टोंक बस स्टेंड स्थित श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में आरती के बाद भोग लगाकर भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया जो शाम 5 बजे तक चला, इस दौरान लगभग 111 किलो खाद्य सामग्री का प्रसाद 11 बजे से निरंतर राहगीरों व श्रद्धालुओं को वितरण किया गया इस कार्यक्रम में वीरेंद्र मीणा, बंटी साहू, डाबी मामा, रविंद्र सिंह, अशोक, गोविंद, विकास मुकेश योगी जीतू गुजर आदि उपस्थित रहे।





# डीएम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत जनपद स्तरीय निगरानी समिति की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत जनपद स्तरीय निगरानी समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सभी नौ विकास खण्डों में प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के प्रगति की आकड़ेवार समीक्षा की गयी। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण वर्ष 2024 से 2029 तक के लिए स्वतः पात्रता का मानदंड निर्धारित कर दिया गया है। जिसके तहत आश्रयविहीन परिवार, बेसहारा/भीख मांगकर जीवन यापन करने वाले, हाथ से मैला ढोने वाले, आदिम जनजातीय समूह एवं वैधानिक रूप से मुक्त कराये गये बंधुआ मजदूर स्वतः प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हेतु पात्र होगें। इस कैटेगरी में जनपद के 62696 लाभार्थी का सर्वे हुआ है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक के स्वीकृत आवासों के पूर्णता की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में कुल 171 आवास अभी भी अपूर्ण है, जिसे नियमानुसार पूर्ण कराने के निर्देश सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी को दिये गये। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के शत-प्रतिशत लाभार्थियों को बिजली कनेक्शन से आच्छादित किये जाने का निर्देश अधि0 अभियन्ता विद्युत को दिया तथा उज्जवला योजना में गैस कनेक्शन हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का आवंटन महिला मुखिया के नाम से ही किया जाए, साथ ही साथ इस बात पर भी विशेष ध्यान दिया जाए कि वह महिला यदि किसी स्वयं सहायता समूह की सदस्य नही है तो उसे किसी स्वंय सहायता समूह से भी जोड़ा जाए। जिलाधिकारी द्वारा लीड बैंक के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभार्थी यदि ऋण लेना चाहता है तो उन्हें रूपया 70 हजार तक की ऋण सुविणा उपलब्ध कराने में मदद की जाए। मनरेगा के तहत 90 मानव दिवस उपलब्ध कराये जाने की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद का औसत 73 मानव दिवस सृजन का है, जिसे जिलाधिकारी द्वारा शत-प्रतिशत कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जीरो पॉवर्टी के तहत समस्त मजदूर वर्ग के लोगों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने का निर्देश श्रम पर्वतन अधिकारी को दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के पात्रता आदि का प्रचार-प्रसार कराने हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पौली राममिलन यादव, जिला विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, परियोजना निदेशक विजयंत कुमार सिंह, उपायुक्त मनरेगा प्रभात द्विवेदी, उपायुक्त एनआरएलएम प्रवीण कुमार मिश्रा, अधिशाषी अभियंता विद्युत राजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार, खंड विकास अधिकारीगण, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# उपनिरीक्षक रामवीर सिंह शाक्य का कार्यकाल

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी



**सहारनपुर।** उपनिरीक्षक रामवीर सिंह शाक्य बहुत ही अच्छे व्यवहार के व्यक्ति हैं ! मेहनत योग्यता वाले रामवीर सिंह शाक्य अलग ही पहचान के लिए जाने जाते हैं। पुलिस विभाग हो या फिर जनता में अपनी बेहतरीन कार्य शैली के लिए जाने जाते हैं। रामवीर सिंह शाक्य इनका पूर्व का कार्यकाल बताता है। रामवीर सिंह शाक्य ने पुलिस के गौरव को बढ़ाने के साथ जनता में अपनी अलग खास पहचान कायम की है कहीं भी रहे हो अपनी कार्य कुशलता व दबंगता का लोहा बनवाया है। उपनिरीक्षक रामवीर सिंह शाक्य व्यवहार कुशलता के धनी होने के साथ साथ पुलिस विभाग में अपनी अलग पहचान रखते हैं।

उन्होंने अपनी लगन मेहनत एव तत्परता के दम पर अपने अधिकारियों को विश्वास में लेकर सदैव बेहतर करने का प्रयास किया अपने अधिकारियों के मार्ग निर्देश में बेहतर कार्य करते हुए सदैव खरा उतरने की कोशिश में रहे हैं जनपद सहारनपुर के कई थाने व पुलिस चौकी प्रभारी रहते हुए अपनी सेवाओं के दौरान जनता के दिलों पर छाप छोड़कर अपने अधिकारियों के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामवीर सिंह शाक्य ने एक से बढ़कर एक गुड वर्क किये सबसे परिपूर्ण कानून व्यवस्था को मजबूत बनाकर रखा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर ने उपनिरीक्षक रामवीर सिंह शाक्य को उनकी कार्य कुशलता देखकर गागलहेडी क्षेत्र की उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड बॉर्डर पर स्थित काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी बनाया।

# करमाखान के प्रधान प्रतिनिधी ने पूर्व विधायक से की मुलाकात, गांव के विकास को लेकर की चर्चा



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां के गांव करमाखान के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद हनीफ खान ने पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे से उनके आवास पर मुलाकात कर क्षेत्र पंचायत से गांव के विकास के लिए दिये गये प्रस्तावों को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया जिससे गांव का विकास हो सके। इस दौरान मोहम्मद हनीफ खान, मोहम्मद अय्यूब, अब्दुल बाकी, अच्छू, लल्लू आदि मौजूद रहे।

# शेखपुरा कदीम पुलिस चौकी प्रभारी नरेन्द्र भड़ाना ने कहा चाइनीज मांझे का प्रयोग न करे



वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी

**सहारनपुर।** उपनिरीक्षक नरेन्द्र भड़ाना ने क्षेत्र वासियों को लाउडस्पीकर से प्रचार कर मांझे के संबंध में लोगो को किया जागरूक नरेन्द्र भड़ाना ने प्रतिबन्धित चाइनीज मांझे की बिक्री खरीद व इस्तेमाल की रोकथाम के सम्बन्ध में लाउडस्पीकर से प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया। उपनिरीक्षक नरेन्द्र भड़ाना ने क्षेत्र वासियों को कहा यदि कोई भी व्यक्ति पतंग उड़ाते समय चाइनीज मांझे का प्रयोग करता पाया गया उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी सभी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कोई भी दुकानदार चाइनीज मांझे की बिक्री न करें अगर कोई दुकानदार चाइनीज मांझे की बिक्री करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दो दिवसीय अध्ययन दौरे के लिए श्रावस्ती जिले में पहुंचे ग्राम प्रधान



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के सेहुडा के ग्राम प्रधान अफजाल अहमद पंचायत राज विभाग की तरफ से दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट के लिए श्रावस्ती जिला अपनी टीम के साथ पहुंचे। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार द्वारा जारी की गई सूची में सेमरियावा ब्लाक से सेहुडा ग्राम प्रधान अफजाल अहमद का चयन किया गया है। निदेशालय की तरफ से पंचायत राज विभाग के एक्सपोजर विजिट में एक बार फिर ग्राम पंचायत सेहुडा के प्रधान अफजाल अहमद चुना गया है। यह उपलब्धि हासिल करने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। विजिट कार्यक्रम में स्वच्छता, जलनिकासी, सड़क व आवास योजनाओं की भी समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली व नवाचारों का फीडबैक लिया गया। टीम ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। विकास पुरुष के नाम से चर्चित ग्राम प्रधान अफजाल अहमद केंद्र में रहे।

ग्राम प्रधान अफजाल अहमद ने दैनिक वेलकम इंडिया से बातचीत के दौरान कहा कि इस विजिट बहुत कुछ सीखने को मिला। गांव को आदर्श गांव बनाना, ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना उनका लक्ष्य रहा है।

# प्राधिकरण अधिकारियों ने किया लाल तालाब स्थल का निरीक्षण

**बुलंदशहर/** बुलंदशहर की प्राधिकरण की सचिव ज्योत्सना यादव के नेतृत्व में लाल तालाब स्थल का भौतिक निरीक्षण किया। जहां पर तालाब को नष्ट कर मार्किट बना हुआ है। इस अवसर पर उनके साथ लाल तालाब आंदोलन के संयोजक अशोक शर्मा, मीडिया प्रभारी संजय गोयल व प्रवक्ता अमित रोनाल्ड वार्ड 25 के सभासद पति लोकेश लोधी व अन्य लोग उपस्थित रहे। लाल तालाब का इतिहास एक नजर मेंबुलंदशहर का लाल तालाब 1884 में तत्कालीन जिलाधिकारी एफ एस ग्राउस द्वारा बनवाया गया था। इसके निर्माण का पहला पत्थर 7 फरवरी 1883 को उ.प्र. के अल्फ्रेड लायल ने रखा था। जिसके कारण इसका नाम लायल टैंक पड़ा। इस तालाब के निर्माण में 43 लोगों ने 14895 रुपए का योगदान दिया।

# दबिश के दौरान 09 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना दुधारा उ0नि0 प्रदीप कुमार सिह, का0 सोनू यादव ने 02 नफर वारण्टी अनिरुद्ध चौधरी पुत्र छोटेलाल, राजदेव चौधरी पुत्र उदयराज निवासीगण हूजुरा सोहवां थाना दुधारा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना धनघटा उ0नि0 रामदरश यादव, हे0का0 प्रमोद कुमार राय, हे0का0 राणा प्रताप यादव, हे0का0 मोहन कुमार ने 02 नफर वारण्टी संतोष कुमार पुत्र बाबूलाल केवट निवासी छपरा मगर्वी, अनिल पुत्र बिरजू निवासी महाखरपुर थाना धनघटा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना महुली उ0नि0 जगन्नाथ सिंह यादव, उ0नि0 सोमनाथ मिश्रा, हे0का0 नुरुद्दीन खान, का0 अभिषेक सिंह ने02 नफर वारण्टी राजू पुत्र मूरत निवासी जोगाराजा, सुनील कुमार पुत्र मुन्नर प्रसाद निवासी तरयापार थाना महुली को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना मेंहदावल उ0नि0 सहेन्द्र यादव, उ0नि0 एखलाक, हे0का0 आनन्द दूबे, का0 धर्मेन्द्र यादव ने 03 नफर वारण्टी दशरथ निषाद पुत्र झिनक निवासी गोशाला कस्बा मेंहदावल, हरिकेश पुत्र विश्वनाथ निवासी वेलनवनवा, फूलचन्द्र पुत्र राजिन्दर निवासी मरवटियां थाना मेंहदावल को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय का जन्मदिन मनाया: अजय वीर चौधरी



वेलकम इंडिया: नितिन शर्मा

**नूरपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय का जन्मदिन नूरपुर विधानसभा 24 चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट के कार्यालय पर धूमधाम के साथ मनाया गया और केक काटा गया। राष्टीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट ने बताया कि डॉ रामाशीष राय भाजपा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर भी रह चुके हैं वह राष्ट्रीय लोक दल के किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं डॉ रामाशीष राय की मूल रूप से देवरिया जिले के रहने वाले हैं

उन्होंने पूर्व से लेकर पश्चिम तक पार्टी का संगठन मजबूती से खड़ा किया है वह कुशल राजनीतिक के कुशल संगठन करता है उनके नेतृत्व में प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल का जनाधार पूर्वांचल के कोने-कोने में बढ़ रहा है इस मौके पर राष्टीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट, सरदार रविंदर सिंह, मुकुल गुप्ता, अर्पित त्यागी, संदीप जोशी, मास्टर देवेंद्र सिंह, पीयूष चौधरी, मास्टर तेजपाल सिंह, आदि ने केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया।

# पॉलिथीन का बढ़ता प्रयोग: पर्यावरण के लिए खतरा

वेलकम इंडिया



डॉ उदिता राजपूत
असिस्टेंट प्रोफेसर
गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय चांदपुर बिजनौर

**चाँदपुर।** आज के आधुनिक युग में पॉलिथीन हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। खरीदारी से लेकर पैकिंग तक, हर क्षेत्र में इसका उपयोग आम हो गया है। पॉलिथीन के प्रयोग ने जहाँ एक ओर सुविधा दी है, वहीं दूसरी ओर इसने हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर दिया है। यह समस्या इतनी बढ़ चुकी है कि अब यह एक वैश्विक चिंता का विषय बन गई है।

पॉलिथीन एक कृत्रिम पदार्थ है जो पेट्रोलियम उत्पादों से बनती है। यह सस्ती, हल्की और टिकाऊ होती है, इसीलिए इसका उपयोग तेजी से बढ़ा। परंतु इसकी सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह अपघटित (ल्लड्ढल्ल-ड्ढाींशृंद्गि) नहीं होती। यानी यह मिट्टी या पानी में सैकड़ों सालों तक वैसी ही बनी रहती है और पर्यावरण को धीरे-धीरे जहरीला बनाती है। हम जब कभी जगजीत सिंह जी की वह गजल सुनते हैं- ' वो कागज की कश्ती, वो बारिश का पानी ' तो हमें बचपन के दिन याद आ जाते हैं कि जब बारिश हुआ करती थी और नालियों में पानी प्रवाह से बह रहा होता था तो उसमें कागज की नाव बनाकर छोड़ दिया करते थे और वह नाव दूर तक बहती चली जाती थी। परंतु आज जब ज्यादा बारिश होती है तो पानी नालियों में नहीं बह पाता बल्कि सड़कों पर जमा हो जाता है। ऐसा इसीलिए होता है क्योंकि कचरे के रूप में सड़कों पर फेंकी गई। पॉलिथीन उड़कर नालियों में पहुंच जाती हैं और जल निकासी प्रणाली को जाम कर देती हैं। बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या इसी कारण बढ़ जाती है। यह न केवल यातायात को प्रभावित करता है बल्कि पैदल चलने वाले लोगों के लिए भी उस गंदे पानी से गुजरना कई बीमारियों का कारण बन जाता है। खेतों में जब पॉलिथीन के टुकड़े मिल जाते हैं, तो यह मिट्टी की उर्वरता को घटाते हैं, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित होती है। पशु जब गलती से इसे खा लेते हैं, तो यह उनके पेट में जमा होकर उनकी मृत्यु तक का कारण बन जाती है। पॉलिथीन का दुष्प्रभाव केवल भूमि तक सीमित नहीं है; यह वायु और जल प्रदूषण का भी प्रमुख कारण है। जब इसे जलाया जाता है, तो इससे विषैली गैसें निकलती हैं जैसे कार्बन मोनोऑक्साइड और डाइऑक्सिन, जो हवा को प्रदूषित करती हैं और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालती हैं। नदियों और महासागरों में पॉलिथीन कचरा समुद्री जीवों के जीवन के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है। सरकार ने इस समस्या को देखते हुए कई बार सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाए हैं, परंतु जनता की उदासीनता और वैकल्पिक साधनों की कमी के कारण यह प्रतिबंध पूरी तरह सफल नहीं हो सके हैं। हमें यह समझना होगा कि केवल सरकारी आदेशों से नहीं, बल्कि सामूहिक जनजागरूकता से ही इस समस्या का समाधान संभव है। पॉलिथीन के स्थान पर जूट, कपड़े, कागज या बाँस जैसे पर्यावरण अनुकूल पदार्थों का उपयोग बढ़ाना चाहिए। स्कूलों और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाना भी जरूरी है।

# ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया महमूद रजा




जनपद बिजनौर नजीबाबाद भारतीय जनता पार्टी सरकार की आपकी सरकार आपके द्वार की भावना के अनुसार ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद तपराज सिंह देशवाल की अध्यक्षता मे ग्रामीण समस्या को हल गांव में ही करने हेतु ग्राम चौपाल के अंतर्गत आज ब्लॉक नजीबाबाद की ग्राम पंचायत मानपुर में चौपाल लगाकर अधिकारियों के साथ ग्राम वासियों की समस्या सुनी यथासंभव निस्तारण किया जिसमे गांव में लाइट लगवाने व जल निकासी हेतु एक सप्ताह में निराकरण कर देने का ग्राम वासियों को आश्वासन दिया ग्रामवासियों द्वारा पशुओं को टीके न लगाए जाने का जोरदार तरीके से मामला उठाया इसके अतिरिक्त पेंशन,किसान सम्मन निधि, आयुष्मान कार्ड आदि विशेष समस्याओं का निस्तारण का आश्वासन दिया जो शीघ्र ही पूरी कराई जाएगी इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा अपने कार्यकाल में नवीन रूप में शुरू हुई है जिन्हें पूर्व भर्ती के लिए सभी सरकार द्वारा नहीं चलाया गया जैसे आयुष्मान कार्ड किसान सम्मन निधि उज्वला योजना निशुल्क खाद्यान्न वितरण आदि कई योजनाएं भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई है ग्राम चौपाल में खंड विकास अधिकारी सहायक पंचायत विकास अधिकारी सहायक समाज कल्याण अधिकारी सहायक कृषि विकास अधिकारी कम फेलो स्वयं सहायता समूह के सहायक विकास अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ग्राम पंचायत अधिकारी संबंधित व बड़ी संख्या में ग्रामवासी व अधिकारी उपस्थित रहे।

# घायल गुलदार होने की सूचना से मचा हड़कंप



जनपद बिजनौर धामपुर क्षेत्र के गांव शिवपुरी के नजदीक गांव दौलतपुर सुक्खा की ओर जाने वाली रोड पर ग्रामीणों ने सड़क किनारे घायल अवस्था में एक गुलदार के पड़े होने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची टीम ने जांच की तो वह घायल वन्य जीव फिशिंग कैट निकली। उसे इलाज के लिए रेंज कार्यालय लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। धामपुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी शशांक गुप्ता ने बताया कि सुबह को लगभग साढ़े नौ बजे ग्रामीणों द्वारा सडक किनारे घायल अवस्था में गुलदार पड़ा होने की सूचना वन विभाग को दी गई थी। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

# मंडावली थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन पर भाकियू का आक्रोश

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील एवं मंडावली थाना क्षेत्र में नदी सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार हो रहे अवैध मिट्टी व बालू खनन को लेकर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद के नाम तहसीलदार को व पुलिस क्षेत्र अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 13 जनवरी तक अवैध खनन बंद नहीं कराया गया तो पहली कड़ी में तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। संगठन का कहना है कि शासन के निदेशों के बावजूद जेसीबी व भारी मशीनों से दिन-रात अवैध खनन किया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टरों और डंपरों से मिट्टी व बालू की ढुलाई खुलेआम हो रही है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इससे किसानों की जमीन, ग्रामीण सड़कें और जल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। भाकियू ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर रोक लगाई जाए, दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। संगठन ने चेताया कि यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उपस्थित रामोद कुमार व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू, नगर अध्यक्ष जलालाबाद मोहम्मद रफीक, राज कुमार फौजी सोहेल खान सुंदर सिंह मोहम्मद जाकिर नईम अहमद मोहम्मद इरफान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाये : डीएम

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड शोहरतगढ़. अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकडेंगा भावपुर में शुक्रवार को डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल 'गांव की समस्या गांव में समाधान' कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

चौपाल कार्यक्रम में डीएम ने ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारें में जानकारी प्राप्त की गयी तथा समीक्षा की गयी। डीएम ने ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये। इसी क्रम में पूरे जनपद में चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। शासन से निर्देश मिले हैं कि पहले से चल रही योजनाओं को और अधिक सुधार कर प्रभावी रूप से लागू किया जाये। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि यदि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या है, जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरन्त जानकारी दें। ब्लॉक स्तर के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। डीएम ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा चलायी जा रही योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर बिजली बिल में छूट का लाभ प्राप्त करें। बिजली विभाग की एक मुश्त समाधान योजना चल रही है आप लोग इसका लाभ उठाये। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नही होना चाहिए। वरासत के प्रकरणों को समयान्तर्गत निस्तारित कराये। भूमि विवाद/पैमाइश आदि प्रकरण यदि है तो प्रार्थना-पत्र दे सकते है।

## बाल श्रम पर शिकंजा:
# छोले भटूरे की दुकान से 3 बच्चे मुक्त, नियोजकों पर कार्रवाई

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** बाल श्रम रोकने के लिए श्रम विभाग व एएचटीयू की टीम ने छापामारी की। छापामारी के दौरान टीम को छोले भटूरे की व्यापारिक प्रतिष्ठान पर बाल श्रम करते हुए तीन नाबालिग बाल श्रमिक मिले। व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर बाल श्रमिक मिलने पर उन्होंने नियोजकों को नोटिस थमाया है।

जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर शुक्रवार को प्रशासन द्वारा सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत श्रम विभाग, जिला टास्क फोर्स, एएचटी पुलिस, बाल संरक्षण अधिकारी, चाइल्ड लाइन तथा सम्बन्धित सामाजिक संगठनों की संयुक्त टीम ने नौगढ़ एवं उसका बाजार में छापेमारी कर बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया।

अभियान के दौरान पकड़ी एवं उसका बाजार स्थित एचआर मार्का ईंट भट्ठों तथा नौगढ़ में होटल का निरीक्षण की गई। जिस पर नौगढ़ रेलवे क्रासिंग के पास ॐ छोले भटूरे की दूकान पर तीन नाबालिग बच्चे श्रम करते हुए पाये गये। टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया गया और उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रेस्क्यू किये गये बच्चों से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह सामने आया कि उन्हें कम मजदूरी, लम्बे समय तक कार्य तथा असुरक्षित परिस्थितियों में काम कराया जा रहा था, जो बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है।

कार्रवाई के दौरान बाल श्रमिकों से काम कराने वाले सेवायोजकों को नोटिस जारी किया गया है। वहीं सम्बन्धित प्रतिष्ठान संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे भविष्य में किसी भी परिस्थिति में बाल श्रम न कराएं। नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई, जुमार्ना एवं अभियोजन की चेतावनी भी दी गई है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि जिले में बाल श्रम के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## सार संक्षेप

### अज्ञात कारणों से घर में लगी आग दस बकरियों की जलकर मौत, प्रशासन से मदद की मांग



**वेलकम इण्डिया संजीव कुमार गुप्ता**

**कठेला/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र कठेला समयमाता अन्तर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत कठेला गर्वी टोला तेलियाडीह निवासी राम सुभग पुत्र रामेश्वर के छप्पर के घर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण 10 बकरियों की जलकर मौत हो गई है। गांव के पड़ोसियों ने बाल्टी में पानी भर-भर किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन छप्पर का घर होने के कारण भरभरा कर आग लगने से 8 से 10 बकरा-बकरी जलकर मौत हो गई। आपको बता दें कि पीड़ित राम सुभग अत्यन्त गरीब है। वहीं राम सुभग के मुताबिक छप्पर से लगे आगजनी में लगभग ढाई लाख से तीन लाख रुपए की बकरा-बकरी जलकर मरने से नुकसान हुआ है। इस सम्बन्ध में हल्का लेखपाल रणधीर यादव ने बताया कि मौके पर जाकर जांच करके तहसील पर रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई। वहीं गरीब पीड़ित राम सुभग ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग किया है।

### रेहान खान के बयान पर दर्ज एफआईआर को लेकर सपा ने एसपी खीरी को लिखा पत्र

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान द्वारा दिए गए एक बयान को लेकर उत्पन्न हुए विवाद और उस पर दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में समाजवादी पार्टी ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय की ओर से अपने आधिकारिक लेटर पैड पर पुलिस अधीक्षक, खीरी को पत्र भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि रेहान खान द्वारा दिए गए बयान को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है, जिसके आधार पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है सपा ने पत्र में मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष, तथ्यात्मक और पारदर्शी जांच कराई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की राजनीतिक दुर्भावना या दबाव में की गई कार्रवाई से बचा जा सके। पार्टी ने यह भी कहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी जनप्रतिनिधि या पदाधिकारी की अभिव्यक्ति को अपराध की तरह पेश करना संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। समाजवादी पार्टी ने पुलिस प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि वह कानून के दायरे में रहकर, बिना किसी पक्षपात के इस मामले की जांच करेगा और सत्य के आधार पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

### फायरिंग मामले में फरार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बाबूगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ग्राम नूरपुर में घटित फायरिंग की घटना में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।उल्लेखनीय है कि उक्त फायरिंग की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी।थाना बाबूगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## नियम विरुद्ध समायोजन पर एडी बेसिक ने बीएसए को किया तलब

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जनपद मे बेसिक शिक्षा विभाग में हुए स्थानांतरण व समायोजन शासन के निदेर्शानुसार न होने पर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा ने एडी बेसिक आगरा को ज्ञापन देकर समायोजन की सूची नियमानुसार पुनः जारी करने के लिए कहा जिसका एड़ी बेसिक आगरा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बीएसए से तीन दिन में समायोजन सूची पर सप्रमाण जबाब माँगा है। गत 30 दिसम्बर को बीएसए द्वारा आनन फानन में नियमों को ताक पर रखते हुए समायोजन सूची जारी कर दी जिस पर शिक्षक-शिक्षिकाओ द्वारा अपने-अपने प्रत्यावेदनो के माध्यम से अपनी परेशानी से संगठन को अवगत कराया जिस पर यूटा के जिलाध्यक्ष अंशुल गौतम, जिलामंत्री प्रशान्त सारस्वत, कोषाध्यक्ष जतिन ने समायोजन सूची पर आपत्ति जताते हुए एडी बेसिक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था।

> यूटा के जिला अध्यक्ष अंशुल गौतम ने बताया हैं की जनपद मे बीएसए द्वारा शासन और छात्र–शिक्षक अनुपात के नियमों को ताक पर रखते हुए अपनी मनमर्जी के चलते आनन फानन मे समायोजन कर सूची जारी कर दी गई हैं, सूची मे समायोजित हुए अधिकांश शिक्षकों द्वारा संगठन को नियम विरुद्ध हुए समायोजन की शिकायते दी हैं जिस पर संगठन द्वारा मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक और उप शिक्षा निदेशक/डायट प्राचार्य को सभी बिन्दुओ से अवगत कराकर जारी सूची को निरस्त कर विकल्प या सहमति के आधार पर पुन: जारी की करने की मांग की थी जिस पर एडी बेसिक द्वारा संज्ञान लेते हुए नियमानुसार समायोजन न करने पर बीएसए को तलब किया हैं, वही जिला मंत्री प्रशांत सारस्वत और कोषाध्यक्ष जतिन का कहना हैं की अगर विभाग द्वारा नियमानुसार समायोजन नहीं किए गए तो संगठन इसके लिए हर स्तर तक विरोध करेगा।

## जनहित हास्पिटल एण्ड फ्रैक्कर क्लीनिक में आपरेशन के बाद महिला की मौत

### अस्पताल का फर्जी डाक्टर व संचालक लोगों को बताता है अपने आपको बड़ा डॉक्टर

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

> सीएमओ के निर्देश पर होगी जांच, निजी अस्पताल की भूमिका की होगी पड़ताल, आशा पर मरीजों को गुमराह करने का आरोप, सरकारी से निजी अस्पताल ले जाने का है मामला।

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़. के बोरा पेट्रोल पम्प के बगल स्थित जनहित हास्पिटल एण्ड फ्रैक्कर क्लीनिक में गर्भवती महिला के आपरेशन के बाद हुई मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच तेज कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया ने प्रकरण की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। टीम में नोडल अधिकारी नैदानिक डा0 एम0एम0 त्रिपाठी, सीएचसी शोहरतगढ़ के अधीक्षक डा0 ए0के0 आजाद, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा0 गरिमा मिश्रा एवं पीएचसी बढ़नी के प्रभारी चिकित्साधिकारी अविनाश चौधरी को शामिल किया गया है। आपको बता दें कि हलौरा निवासिनी शिकायतकर्ता/पीड़ित विमला देवी ने नपं शोहरतगढ़ में संचालित जनहित हास्पिटल एण्ड फ्रैक्कर क्लीनिक के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उनकी बहू सावित्री पत्नी राजेश पासवान की डिलीवरी के लिए 01 दिसम्बर 2025 को सीएचसी शोहरतगढ़ लाया गया था। जहां तैनात आशा कार्यकत्री रेनू ने खून की कमी बताते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल में रक्त की व्यवस्था नहीं मिल पायेगी और जनहित हास्पिटल एण्ड फ्रैक्कर क्लीनिक में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस बात से परिजन घबरा गये और गर्भवती को शोहरतगढ़ के जनहित हास्पिटल एण्ड फ्रैक्कर क्लीनिक में भर्ती करा दिया गया। वहीं पीड़ित/शिकायतकर्ता के मुताबिक जनहित हास्पिटल एण्ड फ्रैक्कर क्लीनिक में ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। पेशाब रुक गया और झटके आने लगे। इसके बाद अस्पताल संचालक अरविन्द तिवारी ने महिला को निजी वाहन से गोरखपुर भेज दिया। वहां लाभ न होने पर परिजनों ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज में उपचार कराया, जहां तीसरे दिन महिला की मृत्यु हो गई। शिकायत मिलने के बाद सीएमओ ने मामले को गम्भीर मानते हुए जांच टीम गठित की है और शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## नरेश कुमार बने हापुड़ के नए ट्रैफिक इंचार्ज



**हापुड़।** जनपद हापुड़ में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुचारू बनाने के उद्देश्य से नरेश कुमार को नया ट्रैफिक इंचार्ज नियुक्त किया गया है। उनके ट्रैफिक इंचार्ज पद पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद पुलिस विभाग सहित जनपदवासियों में हर्ष का माहौल है।नरेश कुमार इससे पूर्व भी पुलिस विभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और कार्यकुशलता का परिचय दे चुके हैं। उनके अनुभव को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि जनपद की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और जाम की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जाएगा।

## हापुड़ में हुआ रिश्तो का खून
# पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित साले और एक रिश्तेदार को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के स्याना बुलंदशहर रोड पर हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र में दादू भट्टे का है जहां सात फेरे लेकर जिंदगी भर साथ निभाने का वादा करने वाली पत्नी ने ही अपने भाई और एक रिश्तेदार के साथ मिलकर किया रिश्तो का खून जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

बृहस्पतिवार की सुबह गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के दादू भट्टे पर छोटू नमक व्यक्ति का शव पड़ा मिला था जैसे ही शव मिलने की सूचना भट्टे पर मौजूद सहित अन्य लोगों को पता चली तो तरह-तरह की चचाएं होने लगी इस दौरान सूचना पर गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट सहित अन्य पुलिसकर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे जांच की गई तो मामला संदिग्ध लगने लगा जिस के बाद गढ़मुक्तेश्वर सीओ भी तत्काल मौके पर पहुंचीं व्यक्ति के शवको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पुलिस की गहनता से की गई जांच पड़ताल के बाद हत्या आरोपी रिश्तो का खून करने वाली पत्नी और उसके भाई सहित एक अन्य रिश्तेदार को 24 घंटे से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया पुलिस पूछताछ में हत्या आरोपियों ने सास के साथ मारपीट के एवज में मृतक छोटू की हत्या करना कबूल किया इतना ही नहीं सात फेरे लेकर जिंदगी भर साथ निभाने वाली पत्नी और उसके भाई सहित अन्य एक रिश्तेदार ने मिलकर मफलर से गला घोटकर बड़े ही बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया जब पुलिस की गहनता से हुई जांच पड़ताल के बाद हत्या आरोपियों का सच सामने आया तो लोगों के पैरों तले से जमीन खिसक गई।

## डीएम और एसएसपी ने सड़क सुरक्षा के तहत दो पहिया वाहन चालकों को पहनायें हेलमेट

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही किसी परिवार की पूरी जिंदगी बदल सकती है. इसी बात को समझाने के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को मधुबेनिया में निःशुल्क हेलमेट जागरूकता का आयोजन किया गया। इस का उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

नौगढ़ तहसील क्षेत्रान्तर्गत मधुबेनिया मे स्थित चाँद मेकरानी हिंदुस्तान पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए। उन्होंने कई वाहन चालकों को स्वयं अपने हाथ से हेलमेट पहनाकर सुरक्षा का संदेश दिया।जिलाधिकारी ने आमजन से सीधे संवाद करते हुए कहा कि हेलमेट केवल एक औपचारिक नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने समझाया कि सड़क पर थोड़ी-सी लापरवाही पूरे परिवार के लिए दुख का कारण बन सकती है। हेलमेट पहनना स्वयं की और परिवार की जिम्मेदारी निभाने जैसा है।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने वाहन चालकों को रोककर उनसे बातचीत की और उनके हालचाल पूछे। इसके बाद उन्होंने खुद हेलमेट पहनाकर यह स्पष्ट संदेश दिया कि नियमों का पालन करना आवश्यक है। उनके इस व्यक्तिगत व्यवहार ने लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया।हेलमेट प्राप्त करने वाले वाहन चालकों ने इस पहल की सराहना की। कई लोगों ने कहा कि जब जिले के मुखिया स्वयं हेलमेट पहनाकर सुरक्षा का महत्व समझाते हैं, तो नियमों के उल्लंघन की सोच बदल जाती है।

## नाबालिग को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नाबालिग को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित/नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत था और वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर थाना हाफिजपुर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## सांसद हेमा मालिनी ने बारात घर व ड्रीम स्टूडियो का किया उद्घाटन, महिला समूह के उत्पाद को दिया बढ़ावा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** क्षेत्र की अडीग ग्राम पंचायत में शुक्रवार को विकास कार्यों की एक नई कड़ी जुड़ गई। मथुरा से भाजपा सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेत्री हेमा मालिनी ने ग्राम पंचायत अडीग पहुंचकर बारात घर एवं ड्रीम स्टूडियो का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए मशरूम के अचार की भी विधिवत लॉन्चिंग की।

सांसद हेमा मालिनी के ग्राम पंचायत पहुंचते ही ग्राम प्रधान स्नेहलता, डीपीआरओ, ग्राम सचिव, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में बनाए गए ड्रीम स्टूडियो का निरीक्षण करते हुए सांसद ने इसे डिजिटल इंडिया की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत की स्वयं की आय से तैयार किया गया यह ड्रीम स्टूडियो उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित पहला स्टूडियो है, जो ग्रामीण प्रतिभाओं, प्रशिक्षण, सरकारी योजनाओं की जानकारी और डिजिटल गतिविधियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर इस प्रकार के नवाचार गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने महिला समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी से गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।वहीं नवनिर्मित बारात घर से ग्रामीणों को सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी।

कार्यक्रम के अंत में सांसद ने ग्रामवासियों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने एवं गांव के विकास में सहयोग करने की अपील की।

# वाह आकांक्षा जी वर्करों को उनका हक दिलाकर किया ऐतिहासिक कार्य

## डीएम की विशेष पहल से अल्मोड़ा मैग्नेसाइट के 288 कर्मचारियों को भविष्य निधि का मिला तोहफा

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निदेशों के क्रम में राज्य सरकार द्वारा सभी मजदूरों कर्मियों को उनके वैधानिक अधिकारों केहक समय से देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी दिशा में। जिला प्रशासन द्वारा अल्मोड़ा मैग्नेटाइट लिमिटेड के कर्मचारियों के द्वारा अपने देयकों के भुगतान के लिए चलाए गए लंबे आंदोलन के बाद जिलाधिकारी द्वारा फैक्ट्री कर्मियों को आवश्यक सहयोग देते हुए जल्द उनके लंबित वेतन और बोनस राशि का भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया था। लम्बी जद्दोजहद के बाद जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की विशेष पहल से मैग्नेसाइट कर्मियों को बड़ी राहत मिली है।

जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के प्रभावी हस्तक्षेप एवं सतत प्रयासों के फलस्वरूप कंपनी के लगभग 288 कर्मचारियों की भविष्य निधि मद की लगभग 4 करोड़ रुपये की लंबित धनराशि का भुगतान सुनिश्चित किया गया है। जो एक वर्ष से लंबित थे।

कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था तथा कंपनी के प्रबंध निदेशक को ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए थे। जिलाधिकारी के विशेष प्रयासों से न केवल वर्तमान कर्मचारियों, बल्कि पूर्व में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों की वैधानिक देय राशि का भी भुगतान उनके खातों में भेजा गया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी के साथ समन्वय कर सभी लंबित प्रकरणों का समाधान किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस भुगतान प्रक्रिया में कंपनी छोड़ चुके एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी भी सम्मिलित रहे।

## कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में हुई बैठक में बुलंदशहर के नेता हुए शामिल

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर एक बड़ी बैठक प्रदेश भर के मनरेगा संग्राम कोऑर्डिनेटर एसआईआर कोऑर्डिनेटर विधान परिषद कोऑर्डिनेटर शहर व जिला अध्यक्ष व वरिष्ठ नेताओं की बुलाई गई जिसमें राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल तौकीर आलम के साथ-साथ बोर्ड रूम प्रभारी संजय दीक्षित आदि वरिष्ठ नेता व सांसद ने आगामी कार्यक्रमों के संबंध में कार्यशाला को संबोधित करते हुए चल रहे संगठन सर्जन अभियान 10 जनवरी से 45 दिन तक चलने वाले मनरेगा संग्राम कार्यक्रम आगामी दिनों में प्रदेश में होने वाली रेलियों की तैयारी होने वाले स्नातक चुनाव की तैयारी सभी अभियानों को प्रदेश भर से आए नेताओं के साथ बैठक में बुलंदशहर की ओर से पूर्व विधान परिषद सदस्य हरेंद्र अग्रवाल लोकसभा प्रत्याशी रहे।

### इंस्टाग्राम पर हुआ इश्क बना जानलेवा


# बरेली के कपड़ा व्यापारी के बेटे ने फर्जी कागजों से की नाबालिग से शादी

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** सोशल मीडिया पर शुरू हुई एक मासूम दोस्ती बरेली की एक युवती के लिए खौफनाक साजिश में बदल गई। प्रेमनगर थाना क्षेत्र में एक बड़े कपड़ा व्यापारी के बेटे पर नाबालिग लड़की को पहले अश्लील फोटो-वीडियो के जाल में फंसाने, फिर ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करने और फर्जी कागजों के सहारे शादी रचाकर उसकी जिंदगी तबाह करने के बेहद गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता के मुताबिक करीब तीन साल पहले उसकी पहचान इंस्टाग्राम पर प्रेमनगर के यश गुप्ता नाम के युवक से हुई। दोस्ती जल्दी ही भरोसे में बदली और भरोसे का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिए। इसके बाद शुरू हुआ ब्लैकमेलिंग का खौफनाक दौर। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने युवती को चुप रहने और अपनी शर्तों पर चलने को मजबूर किया। युवती का कहना है कि उस वक्त वह नाबालिग थी और उसने साफ कह दिया था कि वह शादी नहीं कर सकती, लेकिन आरोपी नहीं माना। आरोप है कि यश गुप्ता ने अपने बहनोई हिमांशु सहानी के साथ मिलकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनवाया, जिसमें उम्र बढ़ा दी गई। इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 17 नवंबर 2023 को शादी दिखाई गई और बाद में विवाह प्रमाण पत्र भी बनवा लिया गया। शादी के बाद भी उत्पीड़न खत्म नहीं हुआ। आरोपी नोएडा में नौकरी का हवाला देकर युवती और उसके मायके से लगातार पैसे ऐंठता रहा। युवती का आरोप है कि शराब के नशे में उसके साथ मारपीट और जबरन दुष्कर्म किया गया। हाल ही में आरोपी ने बेरहमी से कहा कि उसने उसका सिर्फ इस्तेमाल किया है और अब पुराने फोटो-वीडियो इंटरनेट पर डालकर उसे समाज में बदनाम कर देगा। 28 नवंबर 2025 को आरोपी की हालत बिगड़ने पर युवती ने इंसानियत दिखाते हुए उसे गुड लाइफ अस्पताल, बरेली में भर्ती कराया, जहां से उसका बहनोई उसे अपने साथ ले गया। इसके बाद जब पीड़िता ने आरोपी के पिता ब्रजेश कुमार और बहनोई साहनी से शिकायत की तो उन्होंने धमकी दी कि वीडियो हमारे पास भी हैं, हम चाहें तो सब वायरल कर देंगे।

## सार संक्षेप

### हिन्दू युवा वाहिनी के अध्यक्ष का हुआ स्वागत



वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार उपाध्याय उर्फ राजा भैया का आगमन शुक्रवार को सड़क मार्ग से जाते समय मिजार्मुराद कस्बा में भोला मिश्रा के नेतृत्व में युवाओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालो में शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू', चन्दन विश्वकर्मा, मंगल बिंद, शैलेश पटेल, मनोज मोदनवाल, महेंद्र प्रसाद, पंकज त्रिपाठी, प्रदीप, सभाजीत समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मिल के बगल नाली से बरामद किया गया अज्ञात व्यक्ति का शव

वेलकम इंडिया/फतेह खान

**शुजागंज अयोध्या** कोतवाली रूदौली क्षेत्र के अमानीगंज रोड पर मीरापुर तिराहा के निकट समय लगभग बारह बजे दिन में असगर अली मिल के बगल नाली के पास से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद मिला शव मिलने की सूचना पर पुलिस पुलिस ने मृतक के शव कोनाली से बाहर निकलवा शिनाख्त कराने की कोशिश की गई परंतु शिनाख्त नहीं हो सकी, पुलिस ने कब्जे शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। कोतवाली रुदौली क्षेत्र के अंतर्गत अमानीगंज रोड पर मीरापुर तिराहे के निकट असगर अली मिल के बगल स्थित नाली के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शो मिलने की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को दी सूचना मिलते ही रुदौली पुलिस ने मौके पर पहुंचे मृतक व्यक्ति के शब्द को कब्जे में करने का हर संभव प्रयास किया गया है परंतु खबर लेकर जाने तक की शक्ति पहचान नहीं हो पाई। पुलिस नेहरू नेता केशव का पंचनामा घर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### प्राधिकरण अधिकारियों ने किया लाल तालाब स्थल का निरीक्षण

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर की प्राधिकरण की सचिव ज्योत्सना यादव के नेतृत्व में लाल तालाब स्थल का भौतिक निरीक्षण किया। जहां पर तालाब को नष्ट कर मार्किट बना हुआ है। इस अवसर पर उनके साथ लाल तालाब आंदोलन के संयोजक अशोक शर्मा, मीडिया प्रभारी संजय गोयल व प्रवक्ता अमित रोनाल्ड वार्ड 25 के सभासद पति लोकेश लोधी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

लाल तालाब का इतिहास एक नजर में बुलंदशहर का लाल तालाब 1884 में तत्कालीन जिलाधिकारी एफ एस ग्राउस द्वारा बनवाया गया था। इसके निर्माण का पहला पत्थर 7 फरवरी 1883 को उ. प्र. के अल्फ्रेड लायल ने रखा था। जिसके कारण इसका नाम लायल टैंक पड़ा।

# बरेली में हुए एक दर्दनाक हादसे में पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बच्ची और फिर मां को कुचला



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र से शुक्रवार को एक बड़ी दुर्घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के गांव साजनपुर में बालू खनन में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने घर के बाहर खेल रही चार साल की बच्ची श्वेता को कुचल दिया। श्वेता को बचाने दौड़ी उसकी मां पुष्पा देवी को भी ड्राइवर ने ट्रैक्टर से टक्कर मार दी और कुचलते हुए वाहन भगा ले गया। इस घटना में मां-बेटी की मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। इस घटना के विरोध में ग्रामीण एकजुट होकर बिथरी चैनपुर थाने पहुंचे। जानकारी मिलने पर इंस्पेक्टर सीपी शुक्ला मौके पर जांच करने पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मां-बेटी की मौत हुई है, वह वाहन गांव का ही बताया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली से बालू ढोया जा रहा था। दोपहर के वक्त बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। उसी वक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली वहां से गुजर रहा था। ट्रैक्टर से पहले बच्ची को टक्कर लगी, फिर उसकी मां को कुचल दिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना में मां-बेटी की मौत हो गई। पुलिस ट्रैक्टर चालक के बार में पता लगा रही है।

## नगर को मिली सीवर लाइन के लिए 12.73 करोड़ की बड़ी सौगात

**जहांगीराबाद।** नगर को शासन द्वारा 12 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से ट्रंक सीवर लाइन परियोजना की बड़ी सौगात मिली है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से नगरवासियों को लंबे समय से चली आ रही दूषित पानी की समस्या से राहत मिलेगी, वहीं बारिश के मौसम में होने वाले जलभराव से भी निजात मिलेगी। क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा के प्रयासों से शासन ने नगर पालिका परिषद को ट्रंक सीवर लाइन परियोजना की स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना का क्रियान्वयन जल निगम नगरीय बुलंदशहर द्वारा किया जा रहा है। परियोजना का टेंडर आंध्र प्रदेश की एक कंपनी को दिया गया है। योजना के अंतर्गत मुख्य बाजार सहित नगर के प्रमुख नालों को ट्रंक सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। दूषित पानी के शोधन के लिए डूंगरा गोशाला के पास 6 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाया जाएगा।

# प्रेमानंद महाराज से मिले भागवत प्रचार प्रसार समिति के सदस्य



वेलकम इंडिया

**मथुरा/बलदेव।** वाराहघाट परिक्रमा मार्ग स्थित राधा केली कुज में स्वामी प्रेमानंद महाराज से भागवत प्रचार प्रसार समिति बलदेव के पदाधिकारियों ने आचार्य मनीष गगार्चार्य के नेतृत्व में मुलाकात कर दाऊजी महाराज की छवि,प्रसाद भेंट किया एवं 11 मार्च से बलदेव में होने वाली वार्षिकोत्सव के अंतर्गत भागवत कथा के आयोजन पर भी चर्चा की।

इस अवसर पर प्रेमानंद बाबा ने युवाओं के लिए संदेश देते हुए कहा कि युवाओं को नशे और गलत आचरण से दूर रहना चाहिए, ईश्वर पर विश्वास रखें, कर्मों पर ध्यान दें, और सत्य, अहिंसा, प्रेम व सेवा के मार्ग पर चलें, ताकि वे सही दिशा में आगे बढ़ सकें, मानसिक शांति प्राप्त कर सकें और जीवन में सफल हों, क्योंकि युवाओं की ऊर्जा देश का भविष्य है और उन्हें सही मार्ग पर लाना बहुत जरूरी है। इस अवसर देव अग्रवाल,गोस्वामी शिवम पांडेय,युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा,श्याम गोयल, अंकिश बंसल, डॉक्टर अमित सिकरवार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गढ़मऊ झील पर महिला व्यापार मंडल का नववर्ष मिलन समारोह



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में गढ़मऊ झील पर पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महिला सदस्यों ने सर्द मौसम में झील के मनोरम दृश्य का आनंद लिया। मनोरंजन हेतु कार्यक्रम संयोजिका अर्पणा द्विवेदी एवं शशि सराओगी द्वारा म्यूज़िकल हाउजी का आयोजन किया गया, साथ ही जलपान की भी व्यवस्था रही।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित बैठक में आगामी सत्र की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने बताया कि नए वर्ष में वृक्षारोपण, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता तथा महिलाओं की विशेष उपलब्धियों पर सम्मान जैसे विषयों पर संगठन द्वारा सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में रजनी गुप्ता, अर्पणा द्विवेदी, निधि नगरिया, रामश्री गुप्ता, प्रियंका सेठ, रश्मि महेंद्रू, मीनू चावला, दिव्या गुप्ता, अनामिका टंडन, शशि सराओगी, कल्पना गुप्ता, रेणु, विभा कुसुम, नीलम, संयोगिता सेन, रचना सोनी, नेहा झा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के अंत में संगठन की सचिव निधि नगरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# देवदूत बनी कोतवाली पुलिस कोतवाल ने दिखाई तत्परता

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** पुलिस अधीक्षक बागेश्वर के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा 'मित्रता, सेवा और सुरक्षा' के संकल्प को चरितार्थ कर रहीहै ।कोतवाली क्षेत्र में एक परिवार को मौत के मुंह से बचाकर समय से जिला अस्पताल पर पहुंचाकर मित्र पुलिस ने मानवीयता की मिसाल पेश की है। बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सो जाने के कारण दम घुटने से मूर्छित हुए परिवार के सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जीवनदान दिया। पुलिस सहायता नंबर 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कोतवाली बागेश्वर क्षेत्रान्तर्गत निवासी दाडिमतोक तिवारी गांव में एक परिवार रात में कपकपाती ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सो गया था। जिसके धुएं (कार्बन मोनोऑक्साइड) के कारण परिवार के सभी सदस्य (दो वृद्ध दम्पत्ति, मॉ एवं पुत्र (एक वर्ष) अचेत/मूर्छित हो गए हैं।

मामले की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनिल उपाध्याय तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे ।जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के साथ अत्यंत गम्भीर हालत में वेहोशी हालत में प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर सभी को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। समय की महत्ता को समझते हुए एम्बुलेंस को स्वयं पुलिस वाहन से एस्कॉर्ट करते हुए ट्रैफिक क्लीयर कराया और पीड़ितों को तत्काल जिला अस्पताल पहुँचाया। पुलिस की इस तत्परता के कारण पीड़ितों को समय पर जिला अस्पताल में उचित उपचार मिल सका। जिससे उनकी जान बच गई।

# बरेली से होकर गुजरेगा गोरखपुर-शामली ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जिले में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। दो नेशनल हाईवे होने के बावजूद अब तक एक्सप्रेस-वे से वंचित बरेली को अब गोरखपुरझ्रशामली ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे की सौगात मिलने जा रही है। यह एक्सप्रेस-वे पूर्वी उत्तर प्रदेश को सीधे पश्चिमी उत्तर प्रदेश से जोड़ेगा। करीब 700 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे बरेली मंडल के तीन जिलों से होकर गुजरेगा। बरेली जिले में इसका मार्ग फरीदपुर, नवाबगंज और बहेड़ी तहसील क्षेत्रों के कई गांवों से निकलेगा। इससे जिले में आवागमन आसान होने के साथ-साथ विकास की रफ्तार भी तेज होगी। एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बरेली, शाहजहांपुर और पीलीभीत में एडीएम को काला (कंपिटेंट अथॉरिटी फॉर लैंड एक्विजिशन) बनाया गया है, जबकि लखीमपुर खीरी में यह जिम्मेदारी एसडीएम को सौंपी गई है। एनएचएआई ने चारों जिलों में प्रारंभिक सर्वे कराने के बाद काला के चयन के लिए जिला प्रशासन को सूची भेजी थी। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है, जिससे आगे की प्रक्रिया को गति मिल सके। यह एक्सप्रेस-वे गोरखपुर से शुरू होकर बस्ती, अयोध्या, लखनऊ, सीतापुर और लखीमपुर होते हुए पीलीभीत के बीसलपुर और शाहजहांपुर के पुवायां से गुजरकर बरेली पहुंचेगा। यहां से यह रामपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर और मेरठ होते हुए शामली तक जाएगा। चयनित भूमि को पहले थ्री-ए घोषित किया जाएगा, जिसके बाद एक साल तक जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक रहेगी। यदि इस अवधि में थ्री-डी घोषित नहीं हुआ तो यह प्रक्रिया निष्प्रभावी हो जाएगी। थ्री-डी घोषित होने के बाद भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई पूरी तरह शुरू हो सकेगी। एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार अगले वित्तीय वर्ष में एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य शुरू कराने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना को तीन साल में पूरा करने की योजना है। एक्सप्रेस-वे के बनने से बरेली समेत आसपास के जिलों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इससे व्यापार, उद्योग और आवागमन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# सीबीगंज में बिना अनुमति विकसित हो रहीं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कॉलोनाइजरों पर कसा शिकंजा

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** बीडीए की टीम ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को बड़ा एक्शन लिया है। सीबीगंज क्षेत्र में बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों पर टीम ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया।



ध्वस्तीकरण की यह कार्रवाई विशेष कार्याधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। मौके पर सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह, अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी, संदीप कुमार समेत पूरी प्रवर्तन टीम मौजूद रही। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंदन ने बताया कि जांच में सामने आया कि आफाक उर्फ मन्नी भाई द्वारा सीबीगंज के ग्राम भगवन्तापुरा में करीब 40 बीघा जमीन पर बिना किसी स्वीकृति के प्लॉटिंग की जा रही थी। भूखंडों का चिन्हांकन कर बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कार्य कराए जा रहे थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को गिरा दिया। इसी गांव में मुस्तफाक अहमद द्वारा भी लगभग 20 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। बिना नक्शा पास कराए प्लॉट काटे जा रहे थे और निर्माण की तैयारी चल रही थी। प्राधिकरण की टीम ने यहां भी सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध ढांचे ध्वस्त कर दिए।

प्राधिकरण की इस सख्त कार्रवाई के बाद अवैध कॉलोनी काटने वालों में खलबली मच गई है। प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि बिना अनुमति जमीनों पर कॉलोनी काटने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। बरेली विकास प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि कोई भी भूखंड या मकान खरीदने से पहले उसकी वैधता जरूर जांच लें। बिना स्वीकृत नक्शे के बनी कॉलोनी या निर्माण पर कभी भी बुलडोजर चल सकता है। नियमों की अनदेखी करने वालों पर आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## जरगवां में समाज सेवी ने जरूरत बंद गरीब लोगों को कंबल किए वितरण

**रामघाट/बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूजी कल्याण सिंह के 5 जनवरी के जन्म जयंती के उपलक्ष में डिबाई विधानसभा क्षेत्र के रामघाट थाने के अंतर्गत गांव नगला विधि नगला गर्वी नगला कोठी नगला शुमाली जरगवां के प्रत्येक समुदाय निराश्रित विधवा वृद्ध गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों को रोकिंश लोधी की रोड़ी बदरपुर की दुकान पर सैकड़ों की संख्या में कंबल वितरण किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख समाजसेवी मुरारी निवासी पुनीत लोधी ने कहा के प्रत्येक समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना बाबूजी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी इस मौके पर विजय प्रकाश मथुरिया प्रधानाचार्य भू प्रकाश बजाज विश्व हिंदू परिषद संगठन रोकिंश लोधी दिनेश लोधी गजराज सिहं आर्य पूर्व प्रधानाचार्य रघुराज सिंह मास्टर सतेन्द्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# इस्सोपुरटील फायरिंग प्रकरण, यूपी पुलिस के सिपाही सहित दो गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में हुई फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने चेकिंग के दौरान यूपी पुलिस के सिपाही सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस चौथे फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी रतन सिंह की दस वर्ष पूर्व यमुना नदी में डूबकर मौत हो गई थी। रतन की पत्नी मोनिका उर्फ मोदी ने गांव के ही रविंद्र पुत्र पालेराम से शादी कर ली थी, तभी से गांव के ही फाले सिंह का परिवार पीड़ित के परिवार से रंजिश रखता है। कई दिन पूर्व फाले सिंह के पुत्र मनेन्द्र ने मोनिका उर्फ मोनी के घर पर फायरिंग कर दी थी। पीड़िता ने एसपी शामली को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित महिला ने वीडियो वायरल कर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों से जान माल की सुरक्षा गुहार लगाई थी।

आरोप है कि एसपी को शिकायत करने के बाद यूपी पुलिस में तैनात सिपाही सुरेन्द्र ने अपने भाई मनेन्द्र, जोगेन्दर व कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव तितरवाडा निवासी सोनू पुत्र पालेराम के साथ मिलकर पीड़िता के घर पर पीड़िता के पति रविन्द्र पुत्र पाले राम को करने की नीयत से फायरिंग की थी। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मुठभेड़ के दौरान मनेन्द्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

गुरुवार की शाम को गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम सिंह भाटी जिडाना रजवाहे की पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों युवकों को रोकने का इशारा किया तो दोनों युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों युवकों को दबोच लिया और थाने ले आई। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए दोनों युवकों ने अपने नाम सुरेंद्र पुत्र फाले सिंह निवासी इस्सोपुरटील थाना कांधला जनपद शामली व दूसरे ने अपना नाम सोनू पुत्र पालेराम निवासी तितरवाडा थाना कैराना बताया है। पकड़ा गया सुरेंद्र यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात है, जिसकी पोस्टिंग बिजनौर चल रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस फरार चौथे आरोपी की तलाश कर रही है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, सात माह की गर्भवती

**कांधला।** कस्बे में रह रही बागपत जनपद के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।शुक्रवार को बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व उसकी दोस्ती गांव बिजरोल निवासी एक युवक से हुई थी। यह दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया।पीड़िता का कहना है कि जब उसने शादी का दबाव बनाया और कोर्ट मैरिज की बात कही तो आरोपी ने उससे निकाह कर लिया। इसके बाद वह उसे कांधला कस्बे में स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर लेकर आ गया, जहां भी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

# रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में छात्राओं ने द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

वेलकम इंडिया




**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को महाविद्यालय की छात्राओं ने कांधला कस्बे की बस्तियों में जा कर ?राहवीर योजना?प्रति लोगों को जागरूक किया।

छात्राओं ने बस्ती के लोगों को बताया कि राह-वीर योजना उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने वाले नागरिकों को सम्मानित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई है, जिसमें तत्काल मदद करने वाले नागरिक को पच्चीस हजार रुपए का नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र दिया जाता है, ताकि 'गोल्डन आवर' में घायलों को अस्पताल पहुँचाया जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम किया जा सके, जिसमें यूपी में भी यह योजना लागू है और कुछ जिलों में राह-वीरों को चुना भी जा चुका है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 'गोल्डन आवर' (दुर्घटना के बाद का पहला घंटा) के भीतर अस्पताल पहुँचाने वाले नेक नागरिक (राह-वीर) को राज्य स्तर पर पच्चीस हजार रुपए नकद और प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाता है। हर साल दस सर्वश्रेष्ठ राह-वीरों को एक लाख रुपए का राष्ट्रीय पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की जाती है। बहादुरी के कार्यों को दोहराने पर साल में कई बार सम्मान मिल सकता है।राह-वीर योजना सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करती है और उन्हें वित्तीय व सामाजिक सम्मान प्रदान करती है।

इस सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ श्याम बाबू द्वारा किया गया।

## सरकारी अस्पताल में एचआरपी डे के तहत गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच



वेलकम इंडिया


**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल में प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षित योजना के अंतर्गत एचआरपी (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में पहुंची महिलाओं के खून की जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए।चिकित्सकों द्वारा जांच के उपरांत जरूरत के अनुसार महिलाओं को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, संतुलित आहार, समय पर दवा लेने और किसी भी परेशानी की स्थिति में तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने को लेकर महिलाओं को जागरूक किया गया।चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एचआरपी डे के तहत गर्भवती महिलाओं की समुचित जांच की गई है, ताकि हाई रिस्क गर्भावस्था की पहचान समय रहते हो सके। उन्होंने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से अपील की कि वे समय-समय पर अस्पताल आकर अपनी जांच अवश्य कराएं।

## क्षेत्राधिकारी लाइन ने आरटीसी में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों की मासिक इंडोर परीक्षा का किया निरीक्षण



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी लाइन प्रियम राजशेखर पाण्डेय ने आरटीसी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 291 रिक्रूट आरक्षियों की चल रही मासिक इंडोर परीक्षा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता, अनुशासन एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी एवं उत्कृष्ट बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रशिक्षण के महत्व के संबंध में प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी आरटीसी श्री दद्दन राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चिकनकारी की कहानी कहने वाली लखनऊ की फिल्म अंजुमन का राष्ट्रीय संरक्षण



**वाराणसी।** प्रसिद्ध फिल्मकार मुजफ़्फ़र अली ने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान देते हुए अपनी पुरस्कार विजेता हिंदी फिल्म अंजुमन (1986) की दुर्लभ 35 मिमी रिलीज प्रिंट नेशनल फि ल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन एनएफडीसी नेशनल फि ल्म आर्काइव ऑफ इंडिया एनएफएआइ को दान की हैं नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मुजफ़्फ़र अली ने यह प्रिंट एनएफडीसी के प्रबंध निदेशक प्रकाश मगदूम को औपचारिक रूप से सौंपी। फिल्म अंजुमन का उत्तर प्रदेश,विशेषकर लखनऊ से गहरा सांस्कृतिक संबंध हैं फिल्म की अधिकांश शूटिंग पुराने लखनऊ में की गई थी और यह शहर की तहजीब, नफासत और पारंपरिक हस्तशिल्प परंपरा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती हैं यह फिल्म लखनऊ की प्रसिद्ध चिकनकारी कारीगरी से जुड़ी महिलाओं के जीवन को संवेदनशीलता के साथ चित्रित करती है तथा उनकी उत्कृष्ट कला के बावजूद उन्हें झेलनी पड़ने वाली सामाजिक आर्थिक चुनौतियों को उजागर करती है।

# आईआईटी रुडकी से करायी जायेगी पेयजल में आर्सेनिक व हैवी मैटल की जांच

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** महानगर के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम द्वारा अनेक ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर महानगर के अधिकांश बड़े ट्यूबवेलों पर इलेक्ट्रॉनिक डोजर मशीन से क्लोरिन की आपूर्ति की जा रही है तथा शहर के सभी वार्डो में घर-घर जाकर पानी के नमूने लिए जा रहे है और क्लोरिन की जांच की जा रही है।इसके अलावा जल निगम ग्रामीण की लैब में भी हर रोज पानी के दस नमूनों की जांच करायी जा रही है।

महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जल निगम ग्रामीण की लैब में अभी तक सौ से ज्यादा नमूनों की फिजिकल, केमिकल एवं बैक्टिरियोलॉजिकल जांच करायी गयी है, सभी नमूनों की टेस्ट रिपोर्ट सामान्य पायी गयी है।उन्होंने बताया कि पेयजल में आर्सेनिक, फ्लोराइड, व अन्य हैवी मैटल की जांच आई आई टी रुडकी से कराने की प्रक्रिया भी चल रही है। उन्होंने बताया कि घर घर जाकर अमृत मित्रों द्वारा हर रोज करीब 450 नमूने लेकर क्लोरीन की जांच की जा रही है।इसके अलावा विभागीय वाहनों द्वारा भी प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार क्लोरिन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। ओवर हैड टैंकों की सफाई दो माह पहले ही करायी जा चुकी है, प्रत्येक 06 माह बाद ये सफाई करायी जाती है। उन्होंने बताया कि निगम की जल प्रयोगशाला का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है, जल्दी ही इसमें नमूनों की जांच शुरू कर दी जायेगी।

महाप्रबंधक जल ने बताया कि शिकायतों में सबसे पहले गंदे पानी की शिकायत का निस्तारण किया जा रहा है तथा सीवर लाइन व चैंबर की मरम्मत तत्काल करायी जा रही है, और यदि सीवर चोक की सूचना मिल रही है तो जेटिंग मशीन से उसकी सफाई करायी जा रही है। महाप्रबंधक जल ने लोगों से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं की पाइप लाइन नाले/नाली/सीवर के समीप से गुजर रही है या क्रॉस हो रही हैं या क्षतिग्रस्त/लीकेज है तो वह स्वयं के स्तर से उसकी मरम्मत कराएं या निगम को अवगत कराए। उन्होंने पानी कनेक्शन के लिए जीआई पाइप के स्थान पर पीवीसी पाइप का उपयोग करने की भी अपील की है।

महाप्रबंधक जल ने बताया कि शहर में पाइप लाइनों के निरीक्षण के दौरान 08 स्थानों पर नाले-नालियों के ऊपर से गुजरने वाली पेयजल पाइप लाइन बदलने की आवश्यकता सामने आई है।इसके लिए प्राक्कलन तैयार कर पाइप लाइनों को बदलने की कार्रवाई की जा रही है। दो स्थानों पर पेयजल पाइप लाइन को बदला भी जा चुका है। उन्होंने बताया कि पुरानी पेयजल पाइप लाइनों को बदलने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में तीन करोड़ 60 लाख का बजटीय प्रावधान है।जिसके अंतर्गत अनेक वार्डो में क्षतिग्रस्त पेयजल पाइप लाइन नयी पेयजल पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य निरंतर कराया जा रहा है।

## पूर्व चैयरमेन के आवास पर लगाया निशुल्क स्वास्थ्य कैंप



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान में पूर्व चेयरमैन के आवास पर पार्क अस्पताल पानीपत के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सैकड़ो मरीजों की जांच कर दवाई वितरित की गई।

शुक्रवार को कस्बे के बाईपास रोड स्थित पूर्व चेयरमैन हाजी वाजिद हसन के आवास पर पार्क अस्पताल पानीपत के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन हाजी वाजिद हसन के द्वारा फीता काट कर किया गया। कैंप में ब्रिगेडियर यशपाल सिंह, डॉक्टर मोहम्मद लतीफ वाणी, डॉक्टर मीर, डॉक्टर आकांक्षा, डॉक्टर परविंदर, डॉक्टर मोमिन व निर्दोष राणा के द्वारा मरीजों की आंखों की निशुल्क जांच करने के साथ ही दवाई वितरित की गई। जिन मरीजों को चश्मे की आवश्यकता थी उन मरीजों को निशुल्क चश्मे वितरण वितरित किए गए। कैंप में फ्री मेडिसिन के साथ ही शुगर, बीपी, ईसीजी की जांच भी की गई। ब्रिगेडियर डॉक्टर यशपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके अस्पताल के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाए जाते हैं।

# भारत विकास परिषद काशी द्वारा भीषण ठंड में मानव सेवा का सराहनीय कार्य

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** काशी शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ रही भीषण ठंड को ध्यान में रखते हुए भारत विकास परिषद काशी शाखा द्वारा समाज के जरूरतमंद एवं असहाय वर्गों की सहायता के उद्देश्य से बूढ़ापुर गांव, मतलदेई (पंचकोसी मार्ग) स्थित प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गयो यह सेवा-कार्य अपराह्न तीन बजे से प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कीं कार्यक्रम परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष अजीत मेहरोत्रा की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआे प्रांतीय अध्यक्ष अजीत मेहरोत्रा ने अपने संबोधन में उन्होंने भारत विकास परिषद की मूल भावना ह्लनर सेवा नारायण सेवाह्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना ही परिषद का वास्तविक उद्देश्य और दायित्व है उन्होंने काशी शाखा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद बतायो

कार्यक्रम के संयोजक हरीश वालिया रहे जिनके कुशल नेतृत्व एवं समन्वय से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआे कार्यक्रम में भारत विकास परिषद काशी शाखा के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल,सचिव राकेश ढोढी, पूर्व प्रांतीय महिला संयोजिका श्रद्धा अग्रवाल,मुकेश सेठ,आदर्श सिंह,अमित कुमार अग्रवाल सहित परिषद के अनेक समर्पित सदस्य उपस्थित रहें

इस अवसर पर परिषद द्वारा जरूरतमंद ग्रामीणों, वृद्धजनों एवं असहाय व्यक्तियों को ठंड से राहत प्रदान करने हेतु कंबलों का वितरण किया गया।

## शादी के कार्ड बांटने जा रहे दो बाइक सवारों को गाड़ी ने मारी टक्कर एक की मौत दूसरा घायल

**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के ताल बिबियाना दौलतपुर मार्ग पर चेहला गांव के निकट दो बाइक सवार युवक शादी के कार्ड बांटने जा रहे थे कि एक तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक सवारों में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें घायल अवस्था में राहगीरों की मदद से डिबाई के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने लोकेश पुत्र प्रमोद कुमार निवासी गांव चित्सौंन थाना सलेमपुर को मृत घोषित कर दिया।फिलहाल साथी सनी पुत्र विनोद निवासी उपरोक्त का घायल अवस्था में अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह एक्सीडेंट की घटना 07 जनवरी की है लेकिन अब मृतक के चाचा शिव कुमार पुत्र सुखवीर सिंह ने अहमदगढ़ थाने में गाड़ी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र ने 67 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग कार्य का किया शिलान्यास




वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के अंतर्गत नारायणपुर वार्ड संख्या 31शांति विहार कॉलोनी सेंट्रल जेल रोड में 67 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास आज उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु द्वारा किया गयो इस अवसर पर आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काशी का निरंतर विकास हो रहा हैं हर गली,हर मोहल्ले तक विकास की रोशनी पहुंचे,यही हमारा संकल्प हैं स्थानीय प्रतिनिधियों और कार्यकताओं के समन्वय से जन सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में यह कार्य एक महत्वपूर्ण पहल हैं

जे.पी.सिंह,गौरव राठी,विवेक पांडे, कुलदीप त्रिपाठी,कृष्णा सिंह, विक्रांत,सूरज सेठ, आशीष,सहित अनेकों कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# क्वार्टरफाइनल में यूपी बाहर अब सेमीफाइनल का महासंग्राम

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** डॉ.संपूणानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में (सिगरा) में आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप अब अपने सबसे रोमांचक पड़ाव पर पहुंच गई हैं नगर निगम की ओर से आयोजिता प्रतियोगिता के छठे दिन शुक्रवार खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में जबरदस्त घमासान देखने को मिलो इस दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में केरला,हरियाणा,राजस्थान और रेलवे ने,जबकि पुरुष वर्ग में रेलवे,सर्विसेज, पंजाब और केरला की टीमों ने अपने प्रतिद्वंदियों को शिकस्त देकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया हैं महिला वर्ग के पहले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में केरला की टीम ने उत्तर प्रदेश को सीधे सेटों में 3-0 (25-10,25-20, 25-18) से हराकर टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है पूरे मैच के दौरान केरला की खिलाड़ियों ने गजब का तालमेल और आक्रामकता दिखाईं मैच के दौरान ?केरला की रणनीति में फ्रंट रो और बैक रो के खिलाड़ियों के बीच शानदार सामंजस्य देखने को मिलो नेट पर अन्ना और अनुश्री ने उत्तर प्रदेश के आक्रमण को ब्लॉक करने में अहम भूमिका निभाई वहीं अनुभवी सेटर नीतू ने अपनी कलात्मकता से अटैकर के लिए शानदार गेंदें सेट कीं जिससे यूपी का डिफेंस पूरी तरह लड़खड़ा गया

बैक रो में अनघा ने 'आउटसाइड हिटर' के रूप में अपनी ताकत दिखाई और टीम के लिए महत्वपूर्ण अंक जुटाए अन्न.वी ने बतौर ऑल-राउंडर और भूमिका ने डिफेंस में टीम को मजबूती प्रदान कीं इस प्रकार केरला अब सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी है जहाँ उसका सामना दूसरे क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगो टीम की इस फॉर्म को देखते हुए उन्हें टूनार्मेंट का प्रबल दावेदार माना जा रहा हैं

हरियाणा की महिला टीम ने पश्चिम बंगाल को दी मात, सेमीफाइनल में बनाई जगह*

?राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के महिला वर्ग में हरियाणा की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए पश्चिम बंगाल को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया हैं हरियाणा की खिलाड़ियों ने खेल के तीनों सेटों में अपना दबदबा बनाए रखा और बंगाल की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दियो हरियाणा ने यह मैच 25-16, 25-22 और 25-19 के अंतर से अपने नाम किया हालांकि दूसरे सेट में पश्चिम बंगाल ने कड़ी टक्कर देने की कोशिश की लेकिन हरियाणा के डिफेंस और सटीक स्मैश के आगे उनकी रणनीति सफल नहीं हो सकीं हरियाणा की जीत में टीम के सामंजस्य और आक्रामक खेल की मुख्य भूमिका रही ज्योति और स्वाति ने नेट पर बेहतरीन ब्लॉक और सटीक सर्विस से टीम को शुरूआती बढ़त दिलाईं अल्पाना और सविता के आक्रमण को मजबूती प्रदान करते हुए इन्होंने अहम अंक जुटाए।

### राज्य मंत्री असीम अरुण ने किया

# रुक्मणी मार्किट पार्किंग के सौन्दर्यीकरण कार्य एवं शाहिद स्मारक का उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने आज यहां पर नगर पालिका द्वारा फफराना रोड पर नव-निर्मित सीसी रोड, रुक्मिणी मार्केट पार्किंग एवं पालिका परिसर में स्थापित ह्लअमर शहीद स्मारकह्व का लोकार्पण किया। इस अवसर पर चैनपाल सिंह (जिला अध्यक्ष), डॉ. मंजू शिवाच (विधायक, मोदीनगर) एवं विनोद वैशाली (चेयरमैन, नगर पालिका परिषद मोदीनगर) की विशेष उपस्थिति रही।

लोकार्पण अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि शहरों को अतिक्रमण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है इसी के चलते फफराना रोड़ स्थित फल मंडी को स्थानांतरित कर यहां पार्किंग स्थल का निर्माण पालिका प्रशासन द्वारा कराया गया है। पार्किंग स्थल बनने से नगर की जनता को यहां लगने वाले जाम से राहत मिली है और आम जनता के साथ व्यापारियों को अपने वाहन खड़े करने की सुविधा भी मिली है। एक सवाल के जवाब में मंत्री असीम अरुण ने बताया कि ऑटो व डग्गामार बसों के कारण होने वाली समस्या का भी शीघ्र समाधान कर दिया जाएगा। इसके लिए किसी उपयुक्त स्थान की तलाश की जा रही है।

कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, सभासदगण, अधिकारीगण के साथ-साथ वेद प्रकाश चौधरी, राहुल राणा, कपिल, आलोक कौशिक, दुष्यंत यादव, सोनू चौधरी, आदित्य बॉबी, ललित मित्तल, रजनीश चौधरी, प्रीतम सैनी, सोनू कुमार, जितेंद्र चौधरी, बलराज गुर्जर, किशन राज सेन, नीटू चौधरी, गुलाब सिंह, आलोक भारती, प्रदीप शर्मा, धर्मवीर मास्टर, अर्जुन नेहरा, संजय चौधरी, ललित त्यागी, स्वदेश जैन, पिंकी चौधरी, आकाश शर्मा, राकेश कर्दम, आशीष कश्यप, सागर गुप्ता, राजकुमार खुराना अमित कराटे, सुनील चावला, देवपाल हरित सहित






बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।सभी अतिथियों ने नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए जनहित में ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया।

# व्यापारी नेता सतेन्द्र गुप्ता के सुपुत्र स्वयं का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी निवासी एक्शन बैटरी एवं एक्शन रेस्टोरेंट मैरिज होम के डायरेक्टर व्यापारी नेता एवं समाजसेवी सतेन्द्र गुप्ता, रीता गुप्ता के सुपुत्र स्वयं गुप्ता का जन्मदिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर नगर के गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर उनके सुपुत्र को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती के सामने ज्योति प्रचंड कर किया गया।

इस मौके पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। जिसमें मां भगवती के भजनो का गुणगान किया गया। मां भगवती के भजनों को सुनकर मां के भक्त भक्तिभाव से भाव विभोर हो गए।

सतेन्द्र गुप्ता के सुपुत्र को आशीर्वाद देने वालों में पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली डॉ मुकेश गर्ग प्रदीप कंसल अमित गोयल डॉ अनिल गर्ग राकेश शर्मा सचिन दीक्षित प्रदीप कंसल डॉ॰ अनिल गर्ग,डा मुकेश गर्ग,बिट्टू विश्नोई, प्रमोद ठाकुर रविकांत, जसवीर, दीपक शर्मा, महेश तायल,पीयूष गुप्ता, निर्दोष खटाना,जगदीश मदान,प्रद्युम्न गुप्ता, अंकुर सक्सेना,मुकुल साहनी, संजीव शर्मा,गौरव रूहेला, शहजाद चौधरी, नितिन शर्मा, हर्ष कश्यप, चंदर चौधरी, अमित गर्ग, नवीन जयसवाल, जितेंद्र द्विवेदी, बुधप्रकाश गुप्ता,आदि गणमान्य लोग थे।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में जेनरेटिव एआई एवं रोबोटिक्स पर विंटर स्कूल-2026 का सफल आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**साहिबाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स जैसे अत्याधुनिक और भविष्य-उन्मुख विषयों पर आधारित एक सप्ताह का ह्लविंटर स्कूलझ्र2026ह्व का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना, उनकी नवाचारी सोच को विकसित करना तथा व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा।



इस विंटर स्कूल में चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल (सीसीडीपीएस), गाजियाबाद के 31 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में प्रो. (डॉ.) तनवीर इकराम ने जेनरेटिव एआई की मूल अवधारणाओं, इसके औद्योगिक अनुप्रयोगों तथा एआई आधारित प्रोजेक्ट्स पर विद्यार्थियों को हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया।

द्वितीय सत्र में रोबोटिक्स एवं ड्रोन तकनीक पर केंद्रित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें डॉ. अरविंद तिवारी, दीपक उपाध्याय, गगन तिवारी, अरुण शुक्ला, एस. पी. वर्मा एवं किरणपाल ने सर्किट डिजाइनिंग, सेंसर इंटरफेसिंग, रोबोट एवं ड्रोन डिजाइनिंग के कार्य-सिद्धांतों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के समन्वयक एवं यांत्रिक अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एस. पी. सिंह ने बताया कि विंटर स्कूल का पाठ्यक्रम वर्तमान औद्योगिक आवश्यकताओं एवं उभरती तकनीकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) ए. के. सोलंकी ने कहा कि एआई, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन भविष्य की प्रमुख तकनीकें हैं, जिनमें दक्षता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेगी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में मिस सपना एवं मिस शोभना का विशेष सहयोग रहा। समापन अवसर पर प्रो. (डॉ.) अमित जैन, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. सुनीता यादव, डॉ. वाई. एस. यादव सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# बकायेदारों के बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा संयुक्त अभियान चलाया

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर की अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत ग्राम रोरी, मोदीनगर में धारा-05 की वसूली लॉन्ग अनपेड एवं नेवर पेड उपभोक्ता तथा विद्युत चोरी से सम्बन्धित प्रकरणों में बकायेदारों के बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत पंजीकरण कराने हेतु तहसील, मोदीनगर के अधीन कार्यरत अमीन, एण्टी पावर थैप्ट, गाजियाबाद तथा विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया।



अभियान के दौरान ग्राम रोरी, मोदीनगर में 52 नं० परिसरों पर उपस्थित होकर संयुक्त टीम द्वारा बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर, भुगतान करने हेतु तकादा किया गया। जिसमें से 08 नं० उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराकर, अपने विद्युत बिल का भुगतान किया गया। 15 नं० उपभोक्ताओं के विरूद्ध निर्गत की गयी धारा-05 के सापेक्ष भुगतान न करने के कारण अमीनों द्वारा तकादा किया गया एवं विभागीय नियमानुसार कार्यवाही हेतु सूचित किया गया। 09 नं० लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के परिसरों पर उपस्थित होकर विद्युत बिल बकाये का भुगतान न करने के कारण, संयोजन को अस्थायी रूप से विच्छेदित किया गया। इसके अतिरिक्त उक्त अभियान के दौरान 03 व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से विद्युत चोरी करने के कारण, धारा-135 (ए०) के अन्तर्गत विभागीय नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

अधिशासी अभियंताने बताया कि विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत उक्त संयुक्त रूप से प्रतिदिन विभिन्न ग्रामों में धारा-05 की वसूली लॉन्ग अनपेड एवं नेवर पेड उपभोक्ता तथा विद्युत चोरी से सम्बन्धित प्रकरणों में बकायेदारों के बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत पंजीकरण कराने हेतु चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त के दृष्टिगत विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि उक्त योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर, अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर, अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान करने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही किये जाने की बाध्यता होगी।

### आरटीई दाखिले में बड़ा बदलाव:

# बच्चे के नहीं, अब अभिभावक के आधार कार्ड से होगा प्रवेश




**वेलकम इंडिया अनिल कुमार**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में निर्धारित 25 प्रतिशत सीटों पर दाखिले हेतु नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सीमा त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा-1 एवं पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं में आरटीई के अंतर्गत दाखिले के लिए अब बच्चे का नहीं बल्कि माता या पिता (अभिभावक) का आधार नंबर देना अनिवार्य होगा। यह निर्णय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि पूरी आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी तथा शिक्षा विभाग द्वारा 20 से 25 जनवरी के मध्य आरटीई दाखिलों से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाने की संभावना है। शासनादेश के अनुसार आवेदन पत्र में अभिभावक को अपना आधार नंबर दर्ज करना होगा तथा वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु आधार से लिंक बैंक खाते का विवरण देना भी अनिवार्य होगा। आरटीई के अंतर्गत चयनित प्रत्येक छात्र को किताबें, यूनिफॉर्म एवं अभ्यास पुस्तिकाएं खरीदने हेतु ?5500 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जो सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने आरटीई दाखिलों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए जिले के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) का आभार व्यक्त किया है।

आईपीए को आशा है कि इस वर्ष आरटीई दाखिला प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी, सरल एवं निष्पक्ष होगी तथा शत-प्रतिशत पात्र बच्चों का दाखिला सुनिश्चित किया जाएगा।

# सूचना का अधिकार अधिनियम को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोशिएशन के पदाधिकारियों द्वारा आमजन को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित संगठन के प्रदेश सचिव ललित त्यागी एडवोकेट ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम आम नागरिक को प्रशासन से सवाल पूछने की संवैधानिक शक्ति प्रदान करता है। यह अधिनियम शासन-प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का एक प्रभावी और सशक्त माध्यम है।



उन्होंने कहा कि जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होता है, तभी लोकतंत्र वास्तविक रूप से मजबूत बनता है। आमजन को चाहिए कि वे सूचना का अधिकार का प्रयोग जनहित और सकारात्मक उद्देश्यों के लिए करें, ताकि प्रशासन अधिक उत्तरदायी बने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुँच सके। बैठक में उपस्थित लोगों ने सूचना का अधिकार अधिनियम के महत्व को समझते हुए इसे जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

पीयूष यादव, जिलाध्यक्ष, ने अपने संबोधन में कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम आम नागरिक को सशक्त बनाता है और प्रशासन को जवाबदेह बनाता है। जब जनता जागरूक होकर अपने अधिकारों का प्रयोग करती है, तभी शासन-प्रशासन में पारदर्शिता आती है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो पाता है।

# पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को मिली जमानत



**वाराणसी।** चौक थाने में दर्ज एक मामले में आजाद सेना के अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को शुक्रवार को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गयी जिला जज संजीव शुक्ला को अदालत ने जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया अदालत में जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज यादव ने दलील दी कि आरोपित को मात्र राजनितिक विद्वेषवश शासन प्रशासन के दबाव में वादी मुकदमा द्वारा दर्ज कराया गया है। आरोपित पूर्व आईपीएस अधिकारी रहा है और प्रदेश सरकार की गलत नीतियों व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के फलस्वरुप जबरिया सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है पुलिस सेवा से बर्खास्तगी के बाद एक आजाद अधिकार सेना नामक सामाजिक संगठन का गठन कर देश प्रदेश में हो रहे विधि विरुद्ध कार्यों व सरकारी अधिकारियों व राजनेताओं के भ्रष्ट कारनामों को उजागर करने लगा जिससे प्रदेश की भाजपा सरकार आरोपित के सामाजिक संगठन के विरुद्ध फर्जी व झूठे आरोप लगवाकर फजी व झूठे मुकदमे दर्ज कराने लगी।

# वरिष्ठ पत्रकार राकेश मोहन गोयल का निधन, पत्रकारों ने किया शोक व्यक्त

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** मुरादनगर के वरिष्ठ पत्रकार राकेश मोहन गोयल का बृहस्पतिवार की देर शाम निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकारों और क्षेत्र के लोगों में शौक की लहर दौड़ गई। मुरादनगर की विजय मडी निवासी वरिष्ठ पत्रकार राकेश मोहन गोयल को 6 जनवरी को उनकी अचानक तबीयत खराब होने के कारण गाजियाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर बृहस्पतिवार की शाम को उनका निधन हो गया, उनके निधन की खबर से क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। राकेश मोहन गोयल का अंतिम संस्कार शुक्रवार 9 जनवरी को बंबा रोड स्थित उखलारसी श्मशान घाट पर किया गया। राकेश मोहन गोयल के निधन पर मुरादनगर प्रेस क्लब के अध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश शर्मा, अनिल मित्तल,पत्रकार राशिद अली चंद्रशेखर त्यागी हरभजन सिंह अबसार उल हक हैदर खान अंकित गर्ग दीपक त्यागी अमित त्यागी रीता सुदर्शन जितेंद्र कुंडू हकीम लियाकत बॉस आमिर मलिक रोजुद्दीन शहजाद इलाही अमित तिवारी पत्रकारों सहित शहर के गणमान्य लोगों राजनीतिक दल के नेताओं ने भी शोक व्यक्त किया है।



# पत्रकारों द्वारा गाजियाबाद एडिशनल पुलिस कमिश्नर केशव कुमार चौधरी जी का जन्मदिन मनाया











## जनता से संवाद ही सुशासन की नींव, हर पीड़ितों को मिलेगा न्यायः जिलाधिकारी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 'सभी के साथ सम्मान और प्रेमपूर्वक व्यवहार हो तथा प्रत्येक व्यक्ति को न्याय मिले '-इसी भावना के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा शुक्रवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आमजन का प्रशासन पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

जनसुनवाई के दौरान नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रार्थना एवं शिकायत पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता से सुना और यह भी जाना कि संबंधित समस्या के समाधान हेतु पूर्व में कोई आवेदन दिया गया था या नहीं। उन्होंने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में स्थल निरीक्षण आवश्यक है, वहां मौके पर जाकर ही समस्या का समाधान किया जाए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना भी अनिवार्य किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि समाधान वास्तव में संतोषजनक है। जनसुनवाई के दौरान मानवीय संवेदनशीलता का एक उदाहरण भी देखने को मिला। कांशीराम प्रताप विहार योजना निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति शंकर लाल ने रोजगार के लिए खोखा लगाने की अनुमति एवं सहयोग की गुहार जिलाधिकारी से लगाई थी।

## ग्राम रोजगार में ऐतिहासिक सुधारः विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम लागू

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कृषि पर आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था में ग्रामीण रोजगार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल राहत आधारित योजनाएँ न तो स्थायित्व ला सकती हैं और न ही दीर्घकालिक उत्पादकता सुनिश्चित कर सकती हैं। इसी सोच के साथ केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के स्थान पर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 (विकसित भारत-जी राम जी) को लागू कर ग्रामीण रोजगार को एक नई और मजबूत दिशा दी है। यह बातें शुक्रवार को प्रदेश समाज कल्याण मंत्री एवं गाजियाबाद के जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह, पटेल नगर (नया बस अड्डा के निकट) में भारतीय जनता पार्टी जिला एवं महानगर द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना एक राहत आधारित मॉडल बनकर रह गई थी, जो भ्रष्टाचार, फर्जी रोजगार कार्ड, कमजोर निगरानी व्यवस्था और अल्पकालिक परिसंपत्तियों जैसी समस्याओं से ग्रस्त थी। इसके विपरीत विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम ग्रामीण रोजगार को कौशल विकास, स्थायी परिसंपत्ति निर्माण और स्थानीय उद्यमिता से जोड़ते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करेगा। उन्होंने बताया कि नए अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है, जबकि वन क्षेत्रों में कार्यरत अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों को 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार मिलेगा। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा तथा उपग्रह आधारित स्थान निर्धारण प्रणाली एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी व्यवस्था से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम राहत केंद्रित सोच से आगे बढ़कर उत्पादकता, परिवर्तन और आत्मनिर्भरता पर आधारित है। इसे जन-जन तक पहुँचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा चरणबद्ध जनसंपर्क और संगठनात्मक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 8 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रदेश और जिला स्तर पर प्रेस वाताएँ, कार्यशालाएँ, जिला, मंडल और बूथ स्तर पर सम्मेलन, किसान एवं श्रमिक चौपालें आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही 15 फरवरी से 28 फरवरी तक विशेष जनसंपर्क अभियान, लेख, स्तंभ, ब्लॉग, दीवार लेखन और होर्डिंग के माध्यम से जनजागरण किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व, जनप्रतिनिधियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के माध्यम से सामाजिक माध्यमों पर भी सशक्त अभियान चलाया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन पड़ा भारी, चाचा-भतीजा गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन करना दो युवकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने हथियारों के साथ फोटो वायरल करने वाले चाचा-भतीजे को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे बरामद किए हैं। यह कार्रवाई भोजपुर थाना पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान की गई। सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान भोजपुर पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को रोका और तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध हथियार बरामद किए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कस्बा फरीदनगर निवासी हाजी मस्तान और एहसान के रूप में हुई है, जो आपस में चाचा-भतीजे हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने इलाके में अपना रौब जमाने और लोगों में भय पैदा करने के उद्देश्य से हथियार रखे हुए थे।

## दूषित पेयजल पर सख्त सरकार, जनता पर नहीं पड़ेगा कर का बोझः प्रभारी मंत्री



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दूषित पेयजल की समस्या को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसे दूर करने के लिए स्वच्छ जलापूर्ति नीति को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। यह बातें उन्होंने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। प्रभारी मंत्री ने बताया कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सभी नगर निकायों और नगर निगमों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिन क्षेत्रों से दूषित पेयजल की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां तत्काल टीम भेजकर समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए हैं।

## विकास भवन में जिला खेल विकास समिति की अहम बैठक में सीडीओ की अध्यक्षता में लिए गए कई बड़े फैसले



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में शुक्रवार को जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की महत्वपूर्ण बैठक मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनपद में खेल गतिविधियों को सुदृढ़ करने, खिलाडियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा समिति की आय के साधनों को बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान समिति की आय बढ़ाने के उद्देश्य से जिम स्थित स्विमिंग पूल के पंजीकरण शुल्क तथा आबकारी विभाग द्वारा जारी शराब लाइसेंस से प्राप्त धनराशि को समिति के खाते में जमा कराए जाने के निर्देश क्रीड़ा अधिकारी को दिए गए। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि समिति के माध्यम से प्रत्येक माह जूनियर एवं सब-जूनियर बालक-बालिकाओं की खेल प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन किया जाएगा। स्टेडियम परिसर में लगी हाई मास्क लाइटों की मरम्मत नगर निगम गाजियाबाद से कराए जाने के निर्देश दिए गए, जबकि दो नई हाई मास्क लाइट सांसद निधि के माध्यम से लगवाने के लिए क्रीड़ा अधिकारी को आवश्यक पहल करने को कहा गया। स्थानीय प्रशिक्षण शिविरों के सुचारु संचालन के लिए एथलेटिक्स, क्रिकेट, नेटबॉल, फुटबॉल एवं बॉक्सिंग से संबंधित खेल उपकरण उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी।

## व्यापारी हितों से कोई समझौता नहीं, उत्पीड के खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ेगा व्यापार मंडलः बनवारी लाल कंछल

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित मिलन बैंकट हॉल में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की प्रांतीय कार्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने की, जबकि संचालन का दायित्व प्रांतीय महामंत्री अशोक चावला ने निभाया। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ईश वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत व्यापारियों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। समिति ने निर्णय लिया कि जीएसटी पंजीकृत सभी व्यापारियों को सरकारी कर्मचारियों की भांति स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाए तथा दुकान में आग लगने जैसी दुर्घटना की स्थिति में एक करोड़ रुपये का बीमा सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में मुख्यमंत्री जी को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में व्यापारियों के आवास एवं दुकानों पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध करते हुए ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय भी लिया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे सर्वे, छापों एवं जीएसटी विभाग की एसआईबी द्वारा व्यापारियों के उत्पीड? पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसके विरुद्ध ज्ञापन देने का फैसला किया गया। विलंब से रिटर्न जमा करने पर व्यापारियों से वसूले जा रहे 18 प्रतिशत ब्याज को घटाकर सरकारी बैंकों की ब्याज दर के अनुरूप 6 प्रतिशत किए जाने की मांग पर भी सहमति बनी।

## आकाशनगर में नवविवाहिता का शव फंदे पर मिला

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र की आकाशनगर कॉलोनी में रहने वाली नवविवाहिता खुशबू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मसूरी थाना प्रभारी अजय चौधी फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। सूचना के बाद मृतका के मायके पक्ष के लोग भी उसकी ससुराल पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और युवती की मौत की गुत्थी सुलझाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।